मेरे वतन... में स्वतंत्रता सेनानी बन रही हैं सारा पेज 10 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • माघ शुक्ल पक्ष 03 • विक्रम संवत 2079 • मंगलवार, 24 जनवरी 2023 • वर्ष-29 • अंक-101 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



## NEWS इन ब्रीफ

### सीएम 27 फरवरी को जायेंगे बूढ़ा पहाड़

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 फरवरी को बूढ़ा पहाड़ जायेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुनेंगे और उसके समाधान को लेकर कई घोषणाएं भी करेंगे। हेमंत सोरेन राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं, जो बूढ़ा पहाड़ के इलाके में पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के साथ गढ़वा और लातेहार की पूरी प्रशासनिक टीम भी मौजूद रहेगी। इस दौरान मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और सीआरपीएफ के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### ईडी ने डीसी रामनिवास से सात घंटे की पूछताछ

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से सोमवार को लगभग सात घंटे तक पूछताछ की है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम ने साहिबगंज जिले में हुए 1000 करोड़ रुपये के खनन घोटाला मामले में पूछताछ की है। ईडी ने साहिबगंज डीसी को समन जारी कर सोमवार को ईडी कार्यालय उपस्थित होने का निर्देश दिया था। साहेबगंज डीसी सुबह लगभग 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंच गए थे।

### प्रधानमंत्री आज राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से करेंगे बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपने आवास पर शाम चार बजे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से बातचीत करेंगे। सरकार छह श्रेणियों : नवाचार, सामाजिक सेवा, शैक्षिक, खेल, कला-संस्कृति और बहादुरी में असाधारण उपलब्धि के लिए बच्चों को ये पुरस्कार प्रदान करती है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रमाण पत्र दिया जाता है। इस साल देशभर से 11 बच्चों को पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इनमें 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 6 लड़के और 5 लड़कियां शामिल हैं।

### सीएम ने नेताजी को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सोमवार को उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्श और विचार हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन कर स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा प्रदान की। भारत की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष और अमूल्य योगदान के लिए नेताजी सदा याद किए जाएंगे।

## पलामू : हिन्डालको में ब्लास्ट से नाबालिग बच्चे की मौत

### मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के कठौतिया के बघमनवा स्थित हिन्डालको कंपनी की कोयला माइंस में गिरने से एक नाबालिग बच्चे की मौत हो गई। खनन क्षेत्र में हो रही ब्लास्टिंग को देखने के लिए किशोर गया था। अचानक विस्फोट होने के बाद बच्चा गिर गया और गड्ढे में चला गया, जहां बारूद के गैस से दम घुटने के कारण उसकी मौत हो गई। हालांकि घटना के बाद बच्चे को इलाज के लिए पड़वा के निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।





घटना के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए हैं और मुआवजा, डीसी को मौके पर आकर बात करने, रैयतों को मुआवजा देने, दलितों को उजाड़े गए घर को बसाने सहित अन्य मांग कर रहे हैं। बच्चे के शव के साथ ग्रामीण धरना में बैठे हैं। ग्रामीणों का नेतृत्व बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, पड़वा की प्रमुख गीता मेहता, मजदूर नेता राकेश सिंह, उप प्रमुख धर्मवीर सिंह, गिरिवर पांडे, प्रमोद यादव, महाराणा प्रताप, कुंती देवी, बीजेपी नेता प्रभात भुइयां आदि कर रहे हैं। बच्चे की पहचान बदेश्वर मेहता का 14 वर्षीय पुत्र मंजीत मेहता के रूप में हुई है। घटना के तीन घंटे बीत जाने के बाद भी कंपनी की ओर से या फिर जिला प्रशासन की ओर से कोई पदाधिकारी वार्ता के लिए मौके पर नहीं पहुंचा था। पुलिस की ओर से हस्तक्षेप करने की कोशिश की गई तो ग्रामीणों से भिड़ंत हो गई। शुरूआत में ग्रामीणों को पुलिस ने मौके से खदेड़ दिया। मौके पर बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि माइंस प्रबंधन की लापरवाही से एक बच्चे की जान चली गई। कंपनी अविलंब प्रभावित परिवार को एक करोड़ रूपए मुआवजा दे। इसके अलावा जिन रैयतों की जमीन कोड़ दी गई है, उन्हें मुआवजा दिया जाए। जिन दलितों का घर उजाड़ दिया गया है, उन्हें फिर से बसाया जाये। राजन मेहता ने कहा कि कठौतिया कोल माइंस में सुरक्षा घेरा को लेकर बड़ी लापरवाही बरती गई है।

### नक्सलियों व पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़

# गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा पूरा इलाका

**सर्च अभियान में भारी मात्रा में सामान बरामद**

**पुलिस का सर्च अभियान जारी**

**सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़, भारी मात्रा में सामान बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/कुंदा**

चतरा-पलामू सीमा स्थित कुटिल-जोबिया जंगल में सोमवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों और भाकपा माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हो गई। करीब दो घंटे तक चली मुठभेड़ में दोनों ओर से रूक-रूक कर फायरिंग होती रही। इस दौरान गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका दहल उठा। हालांकि, इसमें दोनों ओर से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, सर्च अभियान के दौरान उनके अस्थाई नक्सल ट्रेनिंग कैंप को ध्वस्त कर दिया।इस दौरान सुरक्षा बलों ने छह स्लिपिंग बैग, 10 तिरपाल, भारी मात्रा में दवा और इंजेक्शन, पिट्ठू बैग, रेडियो सहित दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किए हैं। चतरा एसपी राकेश रंजन ने बताया कि सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### पीएलएफआई के छह नक्सली गिरफ्तार

**नवीन मेल नेटवर्क। सिमडेगा/खूंटी**



प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के छह उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार उग्रवादियों में सिमडेगा जिले के सावटोली निवासी आनंद सिंह, रनिया थाना के बनिया टोला निवासी जॉनसन बारला, जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बकसपुर साके टोली निवासी गौतम गोप, लखन गोप और उदित गोप, रनिया थाना क्षेत्र के मरचा बनिया टोली निवासी प्रकाश साहू शामिल हैं। इस संबंध में सिमडेगा एसपी सौरभ ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बीते 18 जनवरी की रात्रि में ओड़गा ओपी अंतर्गत रेलवे दोहरीकरण कार्य में लगे जेसीबी मशीन और पानी की टैंकर को पीएलएफआई उग्रवादियों द्वारा अगा के हवाले कर दिया गया था। मामले की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## विपक्ष जनता को भ्रमित कर रहा है : हेमंत सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कहा कि विपक्ष जनता को भ्रमित कर रहा है। भाजपा ने 20 साल तक राज किया। राज्य आगे बढ़ने की बजाए पीछे चला गया। अब गठबंधन की सरकार राज्य को आगे बढ़ाने में लगी है तो भाजपा के पेट में दर्द उमड़ रहा है। हमने दिखा दिया कि यहां का आदिवासी और मूलवासी गद्दी पर बैठ सकता है। 40 साल राज्य बनाने में और 20 साल आदिवासी सरकार को बनाने में झारखंड को समय लगा। 20 साल में भाजपा की सरकार ने न तो गांव पर ध्यान दिया और न ही आंदोलनकारियों पर। 20 सालों में सिमडेगा में ही राशन कार्ड रहने के बावजूद भात-भात करते हुए यहां की एक बच्ची ने दम तोड़ दिया था।

**मुख्यमंत्री ने खतियानी जोहार यात्रा में कहा :** आज भारत में भाजपा की तानाशाही सरकार है। जो मन में आता है, करती है। हम लोग तो मेहनत कर रहे हैं। 20 सालों में राज्य में भाजपा सरकार ने सिर्फ इस राज्य में मजदूर पैदा किए। जब बाजार बंद हुआ था तो लोगों के घर में चूल्हा नहीं जल रहा था। तब हमने खाना बनवा कर लोगों को खिलाया। महिलाओं ने भी इस कार्य में सहयोग किया। सोरेन ने कहा कि भाजपा षड़यंत्र रच रही है। इसी षड़यंत्र के तहत केंद्रीय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा

### सुभाष चंद्र बोस की तर्ज पर रायपुर में बागेश्वर धाम के महंत धीरेंद्र जी ने कहा

**विशेष प्रतिनिधि। रायपुर**

बागेश्वर धाम के महंत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सोमवार को यहां कहा कि अगर देश के लोग उनका साथ दे दें तो वह भारत को एक हिंदू राष्ट्र बना देंगे। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अंदाज में कहा : तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा। गौरतलब है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कहा था : तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। बाबा के इस बयान के बाद देश भर में हिंदूराष्ट्र की चर्चा फिर से चल पड़ी है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर उनके इसी बयान की चर्चा है। हैशटैग हिंदू राष्ट्र ट्रेंड कर रहा है।



गौरतलब है कि सोमवार तक रायपुर में बाबा का दिव्य दरबार लगा था। अब यह दिव्य दरबार कहीं और लगेगा। सोमवार को वक्त पूरा होने के बाद बाबा ने ऐलान किया : रायपुर की धरती आज भगवामयी हो गई है। बहुत ही आनंद की प्राप्ति हुई है। यह क्रम यूं ही चलता रहे। तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कथा में **मौजूद लोगों से कहा :** चूड़ियां ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कोल्हान प्रमंडल में बनेंगे 17 मॉडल स्कूल

**रांची।** राज्य के तीन जिलों में 17 मॉडल स्कूलों की स्थापना की जायेगी। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर भरने की अंतिम तिथि तीन फरवरी शाम तीन बजे तक निर्धारित की गयी है। यह टेंडर झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से जारी किया गया है। मॉडल स्कूल कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम के अलावा सरायकेला-खरसांवा जिले में बनेगा। हालांकि, टेंडर खुलने की तिथि की घोषणा नहीं की गयी है। मॉडल स्कूल की कुल लागत 982.27 लाख रुपए तय किया गया है। काम एजेंसी को सशर्त दी जायेगी। एजेंसी को पूरा काम चार माह में खत्म करने होंगे। राज्य में मॉडल स्कूलों की संख्या फिलहाल 89 हैं। इन स्कूलों को मिलाकर कुल 3560 सीटें हैं। इनमें गिरिडीह जिलें 11 मॉडल स्कूल संचालित हैं। जबकि, रांची और गुमला जिले समेत अन्य जिलों में आठ-आठ मॉडल स्कूल हैं।

## झारखंड के पांच सौ पारा शिक्षकों पर दर्ज होगा केस, मानदेय वसूली का भी निर्देश

### शिक्षा सचिव ने सभी जिलों के अधिकारियों को 31 जनवरी तक रिपोर्ट देने को कहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में फर्जी सर्टिफिकेट के जरिए लंबे समय से काम कर रहे करीब पांच सौ पारा शिक्षकों पर शिक्षा विभाग ने प्राथमिकी दर्ज कर मानदेय वसूली का आदेश दिया है। शिक्षा विभाग ने ऐसे पारा शिक्षकों के विरुद्ध ना केवल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्णय लिया बल्कि फर्जी पारा शिक्षकों से मानदेय की भी वसूली करने का निर्णय लिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने ऐसे शिक्षकों के खिलाफ सभी जिलों के अधिकारियों को कार्रवाई कर 31 जनवरी तक रिपोर्ट देने को कहा है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सोमवार को बताया कि फर्जी प्रमाण पत्र के जरिए काम कर रहे ऐसे पारा शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर शिक्षा विभाग उनका पक्ष जानने की कोशिश करेगा, उसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार के निर्णय के बाद शिक्षा विभाग की ओर से इन दिनों 61 हजार शिक्षकों के सर्टिफिकेट की जांच चल रही है। जानकारी के मुताबिक 61 हजार शिक्षकों में से करीब 52 हजार पारा शिक्षकों की सर्टिफिकेट की जांच हो चुकी है। इनमें करीब पांच सौ ऐसे पारा शिक्षक चिन्हित किए गए हैं, जिनके प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। फर्जी सर्टिफिकेट पर काम करनेवाले ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**गुमनाम** 21 परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर अंडमान-निकोबार के 21 अनाम द्वीपों का नाम

# देशभक्ति की भावना जगायेगा नेताजी का स्मारक : पीएम

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर 21 परमवीर चक्र विजेताओं

### अंडमान-निकोबार के एक द्वीप का नाम किया गया अलबर्ट एक्का

के नाम पर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े गुमनाम द्वीपों का नामकरण किया। इनमें झारखंड के वीर सपूत लांस नायक अलबर्ट एक्का के शौर्य को नमन करते हुए अंडमान-निकोबार के एक द्वीप का नाम अलबर्ट एक्का किया गया है। पीएम ने नेताजी को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक के मॉडल का भी अनावरण किया, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा- जब इतिहास रचा जा रहा होता है तो आनेवाली पीढ़ियां न केवल उसे याद,



आकलन और मूल्यांकन करती हैं बल्कि उससे निरंतर प्रेरणा भी प्राप्त करती हैं। यह दिन आनेवाली पीढ़ियों द्वारा देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद किया जाएगा।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए प्रधानमंत्री ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर किया। प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर बनने वाले नेताजी को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक के मॉडल का भी अनावरण किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर पोर्ट ब्लेयर में आयोजित विशेष समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल हुए। गृह मंत्री अमित शाह ने परम वीर चक्र से सम्मानित सूबेदार मेजर रिटायर्ड ऑनरेरी कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव, सूबेदार मेजर संजय कुमार, नायब सूबेदार बाना सिंह व अन्य जवानों के परिजनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने पराक्रम दिवस की बधाई दी और कहा कि यह प्रेरणादायक दिवस देश भर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। आज का दिन अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन के सम्मान में एक नए स्मारक की आधारशिला उस द्वीप पर रखी जा रही है, जहां वे रुके थे। इस दिन को आने वाली पीढ़ियों द्वारा आजादी का अमृतकाल में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि यहां पहली बार तिरंगा फहराया गया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### द्वीपों का नामकरण सशस्त्र बलों के लिए महत्वपूर्ण : अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल परमवीर चक्र विजेताओं की स्मृति को कायम रखने के साथ ही सशस्त्र बलों के लिए भी महत्वपूर्ण है। अमित शाह सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के मौके पर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री भी इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। शाह ने कहा : आज का दिन भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं के लिए एक महत्वपूर्ण है। परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण करने की प्रधानमंत्री मोदी की महान अभूतपूर्व पहल हमारे सशस्त्र बलों के लिए बहुत ही प्रेरणादायक है।

### सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ने उपराष्ट्रपति व कानून मंत्री को दिया जवाब, कहा

## भारत का संविधान सर्वोच्च है न्यायपालिका, कार्यपालिका व संसद नहीं

**– आरएनएम। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार और न्यायपालिका के बीच कॉलेजियम सिस्टम को लेकर तनाव जारी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मदन बी लोकुर ने संसद की तुलना में संविधान को बड़ा बताया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान के उलट जस्टिस लोकुर ने कहा : भारत का संविधान सर्वोच्च है, न्यायपालिका, कार्यपालिका और संसद नहीं है। मालूम हो कि पिछले दिनों उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जयपुर में केशवानंद भारती केस का जिक्र करते हुए कहा था कि संसदीय संप्रभुता से समझौता नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए जरूरी है। एनजेएसी को खत्म करने और 1973 के केशवानंद भारती केस के फैसले को गलत उदाहरण बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा था : क्या संसद को संविधान में संशोधन करने के लिए किसी संस्था पर निर्भर होना चाहिए? अगर कोई संस्था संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्ति पर सवाल उठाती है तो यह कहना मुश्किल होगा कि हम एक लोकतांत्रिक राष्ट्र हैं। कॉलेजियम के सदस्य रह चुके जस्टिस लोकुर ने इसका जवाब देते हुए कहा : मैं राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के फैसले के बारे में बहुत ज्यादा नहीं बोलना चाहता, क्योंकि मैं फैसला सुनानेवालों में से एक हूं। फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने तर्क दिया था कि संविधान में संशोधन ने संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन किया है। इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता छीनी जा रही है और इसलिए इसे असंवैधानिक घोषित किया गया था। जैसा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस मना

**सतबरवा।** स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस पराक्रम दिवस के रूप में सर्वोदय राजकीयकृत +2 विद्यालय के मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बहुत ही धूमधाम से मनाया । नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भाजपा कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने बताया की नेता जी का जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़िसा के कटक गांव में हुआ था । वे शुरू से ही क्रांतिकारी विचारधारा के थे। आजादी की लड़ाई में इनका अहम योगदान रहा है। इनकी शुरूआती पढ़ाई उड़ीसा में हुई। जब अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी। उसी समय नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्रांतिकारी नेता के रूप में उभरे थे। पढ़ाई के समय में एक अंग्रेज के द्वारा भारतीय नागरिक को सताया जा रहा था। तब इन्होंने कसम खाई कि अंग्रेज को यहां से वापस इंग्लैंड भेजेंगे । इन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना प्राणों को न्यौछावर कर दिया । हम सभी को इनके बताए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है । मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, अजय उरांव, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह, रीमा कुमारी, गुड्डू कुमार, ज्योत्सना कुमारी, सरिता कुमारी, ममता कुमारी ,राजन कुमार, प्रिंस कुमार उपस्थित थे । वही कार्यक्रम की शुरूआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए, नेता सुभाष चंद्र बोस अमर रहे, अमर रहे, अमर रहे, भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयकारे के साथ हुआ।

### गणतंत्र दिवस को लेकर मुखिया अनुज त्रिपाठी ने की बैठक



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाड़ीह पंचायत भवन में सोमवार की दोपहर गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में गणमान्य लोगों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गणमान्य लोगों के बीच गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन एव झंडोत्तोलन का समय सारणी को लेकर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित सभी लोगों के सर्वसम्मति से 26 जनवरी दिन गुरुवार को समय 10:30 बजे झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया।

**आजादी के महानायक थे सुभाष चन्द्र बोसः अरविंद**
**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** सुभाषचन्द्र बोस हिंदुस्तान के असली महानायक थे। जिन्होंने अपने कर्मो से देश की आजादी में अपनी स्वर्णिम भूमिका निभाई। मौके पर पुष्पांजलि अर्पित कर नगर पंचायत के पूर्व व भावी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कही। उन्होंने कहा कि छतरपुर के युवाओं को भी उनके दिखाए गए रास्ते पर चलना होगा ताकि छतरपुर को शोषण मुक्त, समृद्ध और अमन चैन युक्त शहर बना पायें। इस मौके पर युवाओं और अभिभावकों से अरविन्द ने आह्वान किया कि वे आगे आ कर उनके साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ कंधे से कंधा मिला कर चलें।

### शिक्षा नीति पर सेमिनार का आयोजन

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय नौजवान संघ एवं छात्र संघ का रोजगार विहीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बाद छात्र - युवाओ के समक्ष उत्पन्न चुनौतियां पर सेमिनार का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती पर सीपीआई कार्यालय रांची में मनाया गया। सबसे पहले नेता जी की प्रतिमा पर राज्य सचिव महेंद्र सिंह,अजय सिंह सहित सभी साथियों ने पुष्प अर्पित कर उनका नारा जय हिंद,तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का लगाया गया। सेमिनार की अध्यक्षता अखिल भारतीय नौजवान संघ के अध्यक्ष रुचिर कुमार तिवारी एवं संचालन बिष्णु कुमार ने किया।

# एसडीपीओ ने पाटन थाने का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने सोमवार को पाटन थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनुसंधान के क्रम में केस से सबंधित थाना का निरीक्षण किया । साथ ही स्थानीय लोगों से केस से संबंधित पुछताछ की। वहीं थाना परिसर में साफ -सफाई के अवलोकन से संतुष्ट होकर थाना प्रभारी एव पुलिस कर्मियों की प्रशंसा की। उन्होंने विभिन्न थाना कांडों की समीक्षा करते हुये पुलिस अनुसंधान कर्मियों को थाना कांड के लम्बित केसों को



31 मार्च 23 तक निष्पादन करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही आपराधिक कांडों की बारी बारी से समीक्षा करते हुए सबंधित अनुसंधान पुलिस पदाधिकारी को नियत समय में केसो का निष्पादन करने, अनुसंधान में दोषी व्यक्ति पर दण्डनात्मक करवाई न करने, कोई भी निर्दोष व्यक्ति नहीं फंसे इसका सख्त हिदायत दी। एसडीपीओ ने बताया कि की 75 वर्ष से अधिक आयु के लोग जो असहाय/बृद्ध है । उन्हें गलत मंशा से नामदर्ज अभियुक्त बना दिया गया है। ऐसे लोगों का सत्यापन कर पुलिस पदाधिकारी इसकी जांच करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस इंस्पेक्टर विष्णुदेव पासवान, थाना प्रभारी गुलशन गौरव, एसआई बरुण कुमार, राकेश कुमार, रोबिन कुमार, आदि पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पंचायत सचिवालय सभागार मे ग्राम सभा की बैठक आहूत

**सतबरवा।** सदर प्रखंड लहलहे पंचायत सचिवालय सभागार में सोमवार को एक विशेष ग्रामसभा की बैठक मुखिया पूनम यादव की अध्यक्षता में की गई । बैठक में पंचायत की लगभग सभी वार्ड से योजना ली गई। बैठक में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुखिया पूनम देवी ने कहा कि पंचायत की सभी समस्याओं का निदान हर हाल व जरूरत के हिसाब से किया जाएगा। सबसे पहले वहीं समस्या का निदान होगा जो ज्यादा जरूरत हो। हमें आप लोग का भी भरपूर सहयोग चाहिए। ताकि पंचायत में अच्छा काम कर सकूं।

## शतचंडी महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने किया महाप्रसाद का ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर देवी धाम परिसर में प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को विधि विधान के साथ बैठकर पंडाल में महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। यज्ञ में पहुंचे एनसीपी के प्रदेश युवा नेता सूर्या सोनल सिंह ने पहुंच कर मां भगवती की आराधना कर यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया। यज्ञ समिति द्वारा महाप्रसाद की व्यवस्था पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि धर्म व समाज के काम में महाप्रसाद का वितरण करना काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यज्ञ व अनुष्ठान से ही क्षेत्र में अमन चैन कायम रहता है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर देवी धाम का शतचंडी महायज्ञ हुसैनाबाद सहित पलामू प्रमंडल के लिए एतिहासिक है। जहां चारों ओर वैदिक मंत्रोचारण के साथ यज्ञ क्षेत्र भक्ति रस में डूब गया है। सूर्या सोनल सिंह सहित उनकी टीम ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने हाथों महाप्रसाद का वितरण कर श्रद्धालुओं से आशीर्वाद लिया। मौके पर काफी संख्या में यज्ञ समिति के सदस्यों के साथ साथ एनसीपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर हर महादेव के जयघोष के साथ शिवलिंग स्थापित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को पूरे फूल मालाओं से श्रृंगार कर नगर भ्रमण के साथ शिवलिंग को नवनिर्मित सकल मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित कर दिया गया। इससे पूर्व बाजे गाजे, शंख ढोल की ताल पर झूमते थिरकते महिला, पुरूष, बूढ़े, बच्चों की टोली ने हर हर महादेव, बम बम भोले, बाबा भोलेनाथ के जयघोष के साथ शिवलिंग को पूरा नगर भ्रमण कराया। तत्पश्चात रुद्राभिषेक और भंडारे का आयोजन किया गया । सतबरवा बाजार स्थित टुनटुनवा मंदिर ,जिसे सकल मंदिर के रूप में नामित किया गया है । उसका



जीर्णोद्धार कर नये मंदिर का निर्माण कराया गया है। जिसमें 21 जनवरी को कलश यात्रा के साथ अनुष्ठान प्रारंभ हुआ । वहीं 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा ,अन्नाधिवास, फलाधीवास, पुष्पाधिवास,और अन्य पूजन विधियों से प्रकांड पुरोहितों द्वारा संपन्न कराई गई। साथ में भक्तो के लिए भव्य भंडारा के साथ तीन दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हुआ। मौके पर यजमान शंभू साव, पूर्व सरपंच नंदकिशोर प्रसाद, हरिद्वार प्रसाद, निर्दोष कुमार उर्फ अकलू बाबा, राम ,श्याम, श्याम बिहारी प्रसाद, सुधीर प्रसाद, चंदन प्रसाद, मधुकर मिश्र, विक्की प्रसाद, जितेंद्र कुमार, जयकिशोर प्रसाद, समेत हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु नगर भ्रमण में भाग लिया।

## मदरसा अख्तरुल उलूम के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू हैदरनगर के बभंडी में मदरसा अख्तरुल उलूम के 38 वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विधायक कमलेश कुमार सिंह शामिल हुए। मदरसा कमेटी के पदाधिकारियों ने फूल माला, बुके और सॉल देकर उन्हे सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष हाफिज सलाहुद्दीन खान की। जबकि संचालन सचिव अब्दुल सलाम ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गान से की गई। इसके पूर्व मदरसा की लड़कियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में शिक्षा के विकास को लेकर निरंतर प्रयास कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र के युवाओं को बुनियादी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़े। उन्होंने मदरसा अख्तरुल उलूम कमेटी के लोगों की सराहना की। उन्होंने मदरसा में दिनी शिक्षा के साथ झारखंड सरकार के दिशा निदेर्शों के मुताबिक हिंदी, अंग्रेजी समेत अन्य विषयों की भी शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने अन्य मदरसों के कमिटी के लोगों को इससे प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से वह पूरे हुसैनाबाद विधान सभा के लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे है। सभी के साथ सुख दुख में रहना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति बेधड़क उनसे मिल सकते हैं। वह सभी का काम करने में विश्वास रखते हैं। उनके पास जात धर्म का बंधन नहीं रहता है। मौके पर मदरसा के सरपरस्त मौलाना मो मंजूर, नगर पंचायत हुसैनाबाद उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, सेराज अहमद, मन्नान खान, जयाउदिन खान, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, हसन खलीफा समेत अन्य ने भी विचार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन सरपरस्त मौलाना मो मंजूर ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान,उदय सिंह, चंदन सिंह, पप्पू सिंह, संजय सिंह, भोला सिंह, विनय पासवान, पाले खान, संजय सिंह, जिलानी अंसारी, कालिया, शमीम राइन, लड्डन के अलावा इलाके के कई हाफिज, मौलाना व गणमान्य लोग शामिल थे।

## बीस सूत्री अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने प्रखंड आपूर्ति गोदाम का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**पाटन।** प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे व उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने प्रखंड आपूर्ति गोदाम का निरीक्षण कर राशन की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि डीलर को राशन होम सर्विस के द्वारा पहुंचाना है । लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है । इस संबंध में 20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार से बात की और विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि डीलर को गोदाम में क्यों बुलाया जाता है। जबकि डीलर को राशन उसके दुकान तक पहुंचाकर देना है। वहीं एजीएम सुनील कुमार ने बताया कि जनवरी माह का राशन लेप्स कर गया है । फरवरी माह के राशन का उठाव किया जा रहा है। इस बात पर 20 सूत्री अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नाखुश दिखे। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी जेब भरने में लगे हैं और जनता का हक मार रहे है। फिर भी जनता मूक दर्शक बनकर खड़ी है।

## पूर्व मंत्री ने वनभोज कार्यक्रम में चुनावी मुद्दे पर की चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सलतुआ गांव स्थित तहले नदी तट पर सोमवार को पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी की ओर से वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न पंचायतों के सैकड़ों लोग शामिल हुए। वनभोज के दौरान त्रिपाठी की चुनावी क्लास लगी। इसमें पंचायतवार समीक्षा की गई। पूर्व मंत्री ने कहा कि एकजुटता के बल पर ही सांगठनिक मजबूती होती है। साथ ही अवसर को परिणाम के रूप में बदलने का मौका मिलता है। कहा कि चुनाव आने पर कुछ लोग विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को गुमराह करते हैं एवं काम निकल जाने पर उनकी ओर से मुंह मोड़ लेते हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान जात- पात अथवा किसी के बहकावे में न आने का संकल्प लेने की बात कही। मौके पर विभिन्न पंचायतों से आए हुए कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया। इसमें पेयजल, सड़क की समस्याएं शामिल थी। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान पर पहल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे, मुखिया बसंत राम, इंटक के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, सचिव उदय दुबे, मनोज यादव, शिव यादव, शंकर साव, लालजी पासवान, छात्रधारी प्रसाद, कामाख्या तिवारी, अभय यादव, धनंजय मिश्र, जितेंद्र साव, उपेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जीप सदस्य ने नये थाना प्रभारी का किया स्वागत

**मनातू।** जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला ने नये थाना प्रभारी कमलेश कुमार से औपचारिक मुलाकात की और बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने नये थाना प्रभारी को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। जिला परिषद चावला ने कहा कि मनातू थाना



क्षेत्र में गरीबी असहायों की अधिक संख्या हैं । जहां आये दिन घरेलू विवाद होते रहते हैं। दबंग लोंगो के द्वारा सताये हुवे लोंगो का मामला हमेशा थाना आते रहता हैं। इसलिए आप पर मुझे पूरा उम्मीद और भरोसा हैं कि आप नैतिक रूप से न्यायिक व्यवहार कर लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे! ताकि आम लोग पुलिस प्रशासन के अच्छे व्यवहार से पुलिस प्रशासन को अपना परिवार की समझें।

## थाना परिसर में शिव मंदिर के निर्माण से सदैव खुशहाली बनी रहेगी : रुद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के थाना परिसर में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया गया । इस शिवलिंग की स्थापना के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर नगर भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक प्रत्याशी पांकी विधानसभा, के मंत्री प्रतिनिधि वित्त सह खाद आपूर्ति विभाग झारखण्ड सरकार कांग्रेस के नेता रूद्र शुक्ला शामिल हुए। मंदिर का निर्माण नीलाम्बर पीताम्बरपुर थाना के ऊजार्वान थाना प्रभारी गौतम राय और थाना के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में भव्य झांकी निकाली गई बाजे गाजे के साथ जयकारे से थाना स्थित पूरा प्रखंड भक्ति मय हो गया । युवा नेता ने कहा कि यह बहुत हर्ष की बात है कि नीलाम्बर पीताम्बरपुर थाना के थाना परिसर में भगवान शिव का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। इसके साथ ही नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड सहित पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है । इस नेक कार्य के लिए थाना प्रभारी एवं तमाम वरीय पदाधिकारियों को तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं। साथी ही इस कार्यक्रम में उपस्थित तमाम जिला परिषद ,प्रखंड प्रमुख उपप्रमुख सभी सम्मानित मुखियागण एवं यहां की आम जनता जिन्होंने बड़े हर्षोल्लास के साथ इस मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा नगर भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया है भगवान शिव की कृपा उन पर बनी रहे।

**ग्रामीण**

## मुखिया व पंचायत सेवक की मिलीभगत से राशि का बंदरबांट

# बिना निविदा के डेढ़ लाख से अधिक की सामग्री का क्रय

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के सिगसिगी पंचायत में 15 वें वित्त की राशि में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। पंचायत की प्राप्त राशि से 11 लाख 54 हजार छह सौ रुपए एजेंसी से कार्य करा कर राशि की बंदरबांट कर ली गई। जबकि पंचायत को प्राप्त 15 वें वित्त अनुदान मद की राशि से लाभुक समिति गठित कर कार्य कराया जाना है। लेकिन नियमों को ताक पर रखकर पंचायत में एजेंसी के माध्यम कार्य कराया जा रहा है। जो ग्रामीण विकास विभाग पंचायती राज से मिलें निर्देशों का उलघंन है। इतना हीं नहीं एक ही प्रकार की योजना में निविदा से बचने के लिए तोड़-तोड़ कर कियान्वयन स्थापित वित्तीय नियमों का उल्लंघन है। इसमें संलिप्त



कर्मी व पंचायत प्रतिनिधि के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है। ग्रामीण विकास विभाग पंचायती राज के द्वारा 25 नवंबर 2020 को तत्कालीन निदेशक सह संयुक्त सचिव आदित्य रंजन के द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किया हैं कि 15 वें वित्त मद की राशि से सोलर लाईट की क्रय करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। अगर बहुत जरूरी हो तो ज्रेडा के माध्यम से ही अधिष्ठापित किया जाएगा। ग्राम पंचायत में योजना के क्रियान्वयन के क्रम में अनियमितता को रोकने व अनुश्रवण मात्र की जिम्मेवारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौपी गई है। बावजूद सिगसिगी पंचायत में नियमों को ताक पर रखकर वगैर निविदा पंचायत की मुखिया किरण देवी व पंचायत सचिव एजेंसी को कार्य आवंटित कर दिया। पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइट व जलमीनार अधिष्ठापन का कार्य कराया गया। वहीं जांच के लिए अधिकृत बीडीओ भी चुप्पी साधे रहे और योजनाओं की बंदरबांट होता रहा। इस संबंध में स्थानीय लोगों के द्वारा उपायुक्त व उप विकास आयुक्त से मिलकर शिकायत करने का निर्णय लिया है।

### छह माह बाद भी नहीं हुआ जमीन का सीमांकन

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द स्थित जमीन का सीमांकन एसडीओ छतरपुर के आदेश मिलने के छह माह के बाद भी जमीन का सीमांकन नहीं हो सका है। इस संबंध में जमीन के केवालादार दुखन देवी के पुत्र रविंद्र प्रसाद ने बताया कि एसडीओ छतरपुर द्वारा 22 दिसम्बर 2021 को उक्त जमीन का सीमांकन कराने का आदेश दिया गया था। इस बीच भोला सिंह, सुनेश्वर पासवान, अनिल पासवान सहित अन्य लोगों ने बगैर किसी वैध कागजात के उक्त जमीन पर अपना दावा किया। इसकी सुनवाई एसडीओ कोर्ट में हुई। एसडीओ ने दुखन देवी के पक्ष में पारित नामांतरण आदेश को सही करार देते हुए पुनः 15 जुलाई 2022 को जमीन का सीमांकन कराने का आदेश हरिहरगंज सीओ को दिया है। परंतु अंचल कार्यालय का कोई भी अधिकारी अभी तक जमीन पर सीमांकन करने नहीं पहुंचा। जबकि आदेश पारित हुए छह माह बीत गया है। रविंद्र प्रसाद नें अंचल पदाधिकारी से उक्त जमीन का सीमांकन जल्द कराने की मांग की है।

### सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर प्रतियोगिता आयोजित

**हुसैनाबाद।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निदेर्शानुसार सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जपला एके सिंह कॉलेज के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की 126 वीं जयंती को महाविद्यालय में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में रिंकी कुमारी प्रथम, सुप्रिया कुमारी द्वितीय तथा दिनेश कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में सुप्रिया कुमारी प्रथम,किरण कुमारी द्वितीय तथा शुभम प्रकाश तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में आलोक कुमार प्रथम, दिव्या कुमारी द्वितीय एवं रिंकी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा युवाओं को उनके आदर्शो को आत्मसात करने पर जोर दिया। प्रो. राहुल कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए इस तरह के कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी साबित होते हैं।

### सनसाइन पब्लिक स्कूल में मनी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**सगालीम।** पांकी प्रखंड के सगालीम में सन साइन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के साथ धूम धाम से सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई । मौके पर सन साइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपने भाषण व गीत संगीत से कार्यक्रम को रंगारंग कर दिया। बता दें कि 23 जनवरी को पूरे भारत में खुशी के साथ सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई जाती है। मौके पर सनसाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस की कई ऐसे पंक्तियां हैं जो हमें सही राह दिखाती है। हम सभी को उनके दिखाए हुए मार्ग को अपनाकर सीखने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि देश आजाद होने के समय हमारे देश के वीरों को कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। जिससे आज हमारा देश इस मुकाम तक पहुंच पाया है। हम सभी को उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है। तभी हमारा जीवन सार्थक हो पायेगा।

### नॉन टीचिंग स्टाफ के 12 पदों पर भर्ती, आवेदन की तिथि 25 फरवरी

**मेदिनीनगर।** आवासीय विद्यालय ने नॉन टीचिंग स्टाफ के 12 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन पदों पर नियुक्ति के लिए 25 फरवरी तक आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। स्कूल प्रबंधन की ओर से कहा गया है कि नियुक्ति में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का पालन किया जायेगा। लेकिन अगर इस नियुक्ति नियम में कोई बदलाव होता है तो इससे नियुक्ति की प्रक्रिया प्रभावित होगी।

**इन पदों पर की जायेगी भर्ती**

बर्सर 01,पीटीआई-02,कृषि प्रशिक्षक 01,कला प्रशिक्षक 01,लाइब्रेरियन 01,स्टेनो 01,
क्लर्क 01,अकाउंट क्लर्क 01,स्टोर कीपर 01,प्रयोगशाला स्टोर कीपर 01,टाइपिस्ट कम कंप्यूटर ऑपरेटर 01,ड्राइवर 02

**बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की सुविधा**

नेतरहाट आवासीय विद्यालय अपने कर्मचारियों के बच्चे को निःशुल्क स्कूल शिक्षा की सुविधा प्रदान करता है। यहां वे अपने बच्चों को डे-स्कॉलर्स के रूप में शिक्षित कर सकते हैं। इसके अलावा स्कूल प्रबंधन अपने स्टाफ को रहने की मुफ्त सुविधा भी उपलब्ध कराता है।

**ऐसे कर सकते हैं आवेदन**

इन भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए वेबसाइट डब्लू डब्लू डब्लू नेतरहाट विद्यालय डॉट कॉम पर दिये गये प्रारूप में आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ स्वप्रमाणित शैक्षिक प्रमाण पत्र, तकनीकी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि की प्रति पद के अनुसार देनी होगी। स्कूल प्रबंधन की ओर से जारी विज्ञापन में बताया गया है कि शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ भरे हुए आवेदन पत्र को 25 फरवरी की शाम 5 बजे तक स्कूल के पते पर भेजना होगा। आवेदन के साथ में 40 रुपये का टिकट लगा लिफाफा भेजना होगा। इस लिफाफे में आवेदक का पता लिखा होना चाहिए। आवेदन स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजना होगा।

### श्राद्ध में पौधरोपण से पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल



**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के फगुनी टोला में स्वर्गीय झगर यादव के श्राद्ध कर्म में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल ने श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि लोगों को माता- पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करना चाहिए। क्योंकि उससे मृतक की आत्मा को शांति मिलती है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले जीवो को 10 तरह का लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं । जिसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है। उन्होंने कहा कि मृतक के पिता स्व फागुनी महतो ने 40 वर्ष पूर्व मृत्यु से छह घंटा पहले उन्हें बुलाकर मृतक झगर और उनके छोटे भाई महेंजर यादव का हाथ मुझे थमाया था। तबसे उस परिवार के प्रति हमारी और जिम्मेवारी बढ़ गयी है। उस परिवार के हरेक कार्यक्रम में शामिल होकर मैं अपने दायित्वों का निर्वहन करते आ रहा हूं। जो एक मिसाल के तौर पर देखा जाता है। मौके पर स्व झगर यादव की पत्नी हलकनिया देवी,भाई महेंजर यादव , सूर ज देव यादव,लालू यादव, बलदेव यादव, महेश यादव, मनोज यादव,पुत्र सूर्यमुखी यादव, नरेश यादव,सुरेश यादव, ईश्वर यादव, मंटू यादव, सत्येंद्र प्रसाद जायसवाल, सूचित कुमार, बसंत यादव, धनंजय पूर्व मुखिया गुरुदेव यादव, मनोज विश्वकर्मा, विनोद यादव, कोमल , अरविंद , मालदेव, मुन्ना , लाल बिहारी , रुपेश आदि शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### मिशन समृद्धि संस्था ने रोटी सब्जी का किया वितरण

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था के द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान के तहत अंबेडकर पार्क के सामने दोना -पत्तल-दातून बेचने वालों के बीच भोजन का वितरण किया गया। सड़को पर रहने वाले जरूरतमंदो के बीच संस्था के द्वारा निरन्तर सहयोग किया जाता है। स्थानीय पांकी रोड जनकपुरी मुहल्ले से प्राप्त भोजन के लिए संस्था के धीरेन्द्र पाण्डेय ,बेबी एवं श्वेता पाण्डेय का सहयोग रहा। रोटी वितरण कार्य में अहिल्या गिरि ,वन्दना श्रीवास्तव, बैजन्ती गुप्ता ,ऋषि कुमार शामिल रहे।

### अभाविप के महामंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**छत्तरपुर।** पलामू अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री यागलक्व शुक्ला का स्वागत छतरपुर जपला मोड़ पर भव्य रुप से एबीवीपी एवं हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। बताते चलें कि अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री पटना से मेदिनीनगर छात्र सम्मेलन में शामिल होने जा रहे थे। स्वागत के दौरान भारत माता के नारों से क्षेत्र गूंज उठा। स्वागत करने में मुख्य रूप से एबीवीपी के पूर्व विभाग संयोजक, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। साथ ही एबीवीपी के नगर मंत्री अंकित कुमार ठाकुर ने भी माला पहनाकर उनका स्वागत किया । मौके पर मितल सिंह,मुन्ना प्रजापति मोनू गुप्ता सोनू सिंह चंदन यादव राहुल चंद्रा आलोक कुमार मिश्रा गोलू रंजन संतोष चंदन कुमार साथ के ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया।

# पलामू ने याद किया नेताजी सुभाष चंद्र बोस को






**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के नावाहाता प्रांगण में सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम स्कूल के प्राचार्य एवं उप प्राचार्य ने दीप प्रज्वलन करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडे के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर नेता जी को समर्पित किया गया । मौके पर प्राचार्य आदर्श कुमार ने कहा कि देश की स्वतंत्रता दिलाने में नेताजी का अहम योगदान था । अपने कुशाग्र बुद्धि, दूरदर्शी सोच और बेहतर रणनीतिकार होने के कारण इन्होने आजाद हिंद फौज का गठन करके एक मिशाल कायम किया । हम सभी को इनके त्याग ,कर्तव्यनिष्ठा, देश के प्रति समर्पण से सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए। उक्त मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने शानदार भाषण प्रस्तुत किया। **उधर** इप्टा, मासूम आर्ट ग्रुप और बंगाली समिति ने सामूहिक रूप से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बंगाली समिति के सुमित भट्टाचार्य, अमिताभ रॉय, गौतम घोष, राजीव मुखर्जी, जयंत विश्वास, अमर कुमार भांजा, कोएना मुखोपाध्याय, मासूम आर्ट ग्रुप से विनोद कुमार पांडे, मो. नसीम, गुलशन मिश्रा, व विरेंद्र यादव इप्टा से शब्बीर अहमद, प्रेम प्रकाश, राजीव रंजन, समरेश सिंह, शशि पाण्डेय, अजीत ठाकुर, संजू ठाकुर, अमीत कुमार, मनीष कुमार, रविशंकर व शिक्षक चंद्रबली चौबे सहित दिहाड़ी मजदूर व अन्य लोग शामिल थे। **वहीं** आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सोमवार को सुभाष चन्द्र बोस की 126 वी जयंती मनायी गई। वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने सूदना स्थित केंद्रीय कार्यालय में सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई । मौके पर सिंपल गुप्ता ने कहा कि आज के युवा सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हैं। उनके विचार और उनके कथन आज भी भारतीय जनता के दिलों में बसे हुए हैं। उनके ऊजार्वान नारे आज भी प्रासंगिक हैं। फेडरेशन के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस हमारे प्रेरणा श्रोत हैं । नेताजी की जिंदगी और उनका देश के लिए त्याग युवाओं के लिए आज भी प्रेरणादायक है। यही वजह है कि आज आजादी के इस महानायक की याद में देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह ने कहा कि सुभाषचंद्र बोस के विचारों से देश के करोड़ों लोग हमेशा प्रेरित हुए हैं। जीवन में सफलता और असफलताओं पर बात करते हुए एक बार उन्होंने कहा था- सफलता, हमेशा असफलता के स्तम्भ पर खड़ी होती है। मोहित साहु ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जितनी बहादुरी और जिस अंदाज से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आजादी की लड़ाई लड़ी, उसे हर भारतीय याद करता है। यही वजह है कि भारत सरकार ने उनके जन्मदिन को पराक्रम दिवस घोषित कर रखा है। बिपिन यादव ने कहा की नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत को स्वतंत्र कराने में काफी परिश्रम किया है। उन्होंने छोटी उम्र से गांधी द्वारा चलाए गए असहयोग आंदोलन में भाग लेकर, भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी थी। जीएलए कॉलेज के सचिव राहुल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने जीवन में कई सारे आंदोलनों का नेतृत्व किया। उन्होंने देश के युवाओं को देश के प्रति मर मिटने के लिए प्रेरित किया। मौके पर हरेंद्र कुमार, रंजित कुमार आदि मौजूद थे।

## नगर निगम में शुरू होगी पिंक सिटी बस सेवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम में महिलाओं को सुरक्षित यात्रा कराने की दृष्टिकोण से पिंक सिटी बस सेवा जल्द शुरू की जायेगी। नगर निगम क्षेत्र में चार पिंक सिटी बस सेवा शुरू की रही है। इस बस सेवा के द्वारा निगम क्षेत्र की महिलाएं आसानी से सफर कर सकेंगी। ऑटो और बस मे महिलाएं असुरक्षित महसूस करती है । ज्यादा भीड़ होने से महिलाओं को सफर करने में परेशानी होती है। इसको लेकर नगर निगम द्वारा दो पिंक सिटी बस आ गई है। दो बस और आयेगी तो बसों का संचालन कराया जायेगा। इन बसों में महिला यात्री और उनके बच्चे बैठ सकेंगे। नगर निगम में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित चार सिटी बस नगर निगम क्षेत्र में चलाया जायेगा।




वही निगम का प्रयास है की इन बसों का संचालन महिलाओं द्वारा कराया जाए। वहीं बस में लगे जीपीएस और कैमरे का मॉनिटरिंग निगम द्वारा किया जायेगा। जहां बसों का संचालन सुचारू रूप से हो सके । इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। निगम के मेयर ने बोर्ड की बैठक में जनवरी माह से बसों के संचालन की बात कही थी । जो अब अगले माह से साकार होने की सम्भवना बन रही है। **क्या कहना है नगर आयुक्त का :** निगम के नगर आयुक्त रवि आनंद कुमार ने कहा कि शहर में अब महिलाओं की सुरक्षा के लिए पिंक सिटी बस चलाया जायेगा। जिसमें आधुनिक सुविधाओं से लैस थ्री सीटर पिंक सिटी बस चलेगी। जिसमें सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जायेगा। जिसमे कैमरा और जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी।

### राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने किया रक्तदान

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रमंडलीय संरक्षक अधिवक्ता दिवाकर दूबे ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में मझिआंव निवासी स्व.प्रभू साव की धर्मपत्नी अनिता कुंवर को रक्तदान किया। मौके पर दिवाकर दुबे ने बताया कि प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में वो रक्तदान करते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने कहा कि युवा वाहिनी लगातार रक्तदान के क्षेत्र में जागरुकता अभियान चला रही है। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा, अनुशासन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, रवि ओझा, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन मौजूद थें।

## ईश्वरीय कृपा से ही मिलता है पुण्य कार्य में अवसर : मनोज



**मेदिनीनगर।** पुण्य कार्य में भागीदारी का अवसर भी ईश्वरीय कृपा से ही मिलती है। जो लोग धार्मिक माहौल बनाने में जुटे है वह बधाई के पात्र है। क्योकि धर्म हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देने के साथ भाईचारा और मानवता की सेवा का भी संदेश देता है। धर्म के असली मर्म को समझने की जरूरत है। यह बाते मेदिनीनगर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही। श्री सिंह ने निगम के चैनपुर के गुरहा शास्त्रीनगर में श्री शिव दुर्गा मंदिर के दूसरे तल्ले के निर्माण कार्य की शुरूआत पूजा अर्चना के साथ की। मनोज सिंह ने मशीन एवं छत की पूजा करते हुए ढलाई कार्य की भी शुरूआत करायी। मौके पर मनोज सिंह ने मंदिर कमिटी के आग्रह पर कमेटी के लोगों को आश्वस्त किया कि वह मंदिर के दूसरे तल्ले का निर्माण अपने दिवंगत पिता स्व बिहारी सिंह के स्मृति में करायेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर कमिटी ने उन्हें यह अवसर दिया। इसके लिए वह मंदिर कमेटी के प्रति आभारी है। इस पूजा अर्चना समारोह में कमिटी के रामलाल प्रसाद सोनी, अमरनाथ पाठक, सतेंद्र प्रजापति, कमेश कुमार, कमलकांत मिश्र, प्रदीप अग्रवाल, जगन्नाथ सिंह, पिंटू कश्यप, अनिल कश्यप, काशी प्रसाद, गोलू सिंह, राजू सोनी, डब्लू खान, अखिलेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे। कमिटी की ओर से भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह एवं अन्य अतिथियों को माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कमेटी के लोगों ने कहा कि धर्म के कार्य के प्रति मनोज सिंह ने जो रूचि दिखायी है,वह काबिले तारीफ है। धार्मिक कार्यों में इस तरह का सहयोग मिलने के बाद कार्य में जुटे लोगों का मनोबल बढता है इससे धार्मिक वातावरण भी तैयार होता है।



NEWS इन ब्रीफ

## सड़क हादसे में पिता और पुत्री घायल

**गढ़वा :** एनएच 343 गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग पर रंका थाना क्षेत्र गुलरिया ढोढ़ा में सोमवार को सड़क दुर्घटना में पिता व पुत्री घायल हो गए। घायलों में रमकंडा थाना क्षेत्र के बरवा गांव निवासी नोअस केरकेट्टा व उनकी पुत्री परी कुमारी शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार नोअस केरकेट्टा अपनी बाइक से पत्नी, पुत्री व पुत्र को लेकर गढ़वा आ रहे थे। इस दौरान गुलरिया ढोढ़ा में अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## किशोर ने खाया कीटनाशक, रेफर

**गढ़वा।** श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पुरनानगर निवासी उमेश प्रसाद के पुत्र सुजीत कुमार ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार सुजीत कुमार को उसके अभिभावक ने पढ़ाई लिखाई को लेकर डांट फटकार किया था। इससे गुस्से में आकर सुजीत कुमार ने कीटनाशक खा लिया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया।

## महिला ने खाया जहर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के जोगनी गांव निवासी पवन महतो की पत्नी अमृता कुमारी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार अमृता कुमारी व उसके परिवारवालों में किसी घरेलू मामले को लेकर नोंकझोंक हुई थी। इससे गुस्से में आकर अमृता कुमारी ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

## आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**केतार।** दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त भवनाथपुर थाना के रोहणिया गांव निवासी देवेंद्र कुमार को केतार पुलिस के द्वारा रविवार की रात्रि मे गिरफ्तार कर थाना लाया गया। वहीं अभियुक्त को सोमवार को न्यायिक हिरासत गढ़वा भेज दिया गया। उक्त अभियुक्त पर कांड संख्या 32/22 धारा 447341/323/498/506/34 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### जीएन कान्वेंट स्कूल में नेताजी की जयंती पर प्रार्थना सभा का आयोजन

# आजादी में नेताजी का अतुलनीय योगदान



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रार्थना सभा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उन्होनें कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमसबों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनके भारत की आजादी के लिए निरंतर संघर्ष की कहानी हमें सदियों तक प्रेरित करती रहेगी। हम सभी को वर्तमान समय में जाति, धर्म और समुदाय की बातों से ऊपर उठकर राष्ट्रीयता का परिचय देना चाहिए। अंग्रेजों के क्रूर और अमानवीय पूर्ण बर्ताव के कारण अपने देशवासियों की दयनीय स्थिति से वे बहुत दुखी थे। भारत की आजादी के माध्यम से भारत के लोगों की मदद के लिए सिविल सेवा के बजाय उन्होंने ने राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ने का फैसला लिया। नेता जी भारत से दूर जर्मनी और उसके बाद जापान गए उन्होंने अपनी भारतीय राष्ट्रीय सेना आजाद हिंद फौज बनाई। उन्होंने अंग्रेजी शासन से अपनी मातृभूमि को मुक्त करने लिए तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। के अपने महान शब्दों के द्वारा अपने सैनिकों को प्रेरित किया। नेता जी का साहसिक कार्य आज भी लाखों भारतीय युवाओं को देश के लिए कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सन्तोष प्रसाद, उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, संजीव कुमार, नरेंद्र सिन्हा, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी,विनय दुबे, रिजवाना शाहीन, सरिता दुबे, सुषमा तिवारी, सुनीता कुमारी शिवानी कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## गढ़वा की खिलाड़ी ने जीते 2 कांस्य पदक



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर आवासीय एवं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र खेल प्रतियोगिता 2022 23 रांची में एथलेटिक्स में गढ़वा की बालिका खिलाड़ी ने जीता 2 कांस्य पदक। बाधा दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त की गढ़वा की श्रुति कुमारी। 4-100मीटर रिले दौड़ में गढ़वा की अनुराधा ऋषि, संध्या कुजूर, मनीषा कुमारी एवं प्रिया कुमारी गुप्ता ने जीता कांस्य पदक। पदक जीतने के उपरांत गढ़वा डे बोर्डिंग एथलेटिक्स बालिका कोच रामाशंकर सिंह के साथ इस उपलब्धि पर बधाई देने वाले जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा उमेश लोहरा, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक महासचिव आलोक मिश्रा वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी विधायक प्रतिनिधि खेलकूद श्री धीरज दुबे, ओम प्रकाश गुप्ता, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक अरविंद दुबे, प्रभात रंजन तिवारी, सुबोध कांत पाठक ने दी बधाई।

## भंडरिया में भालू के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल, दहशत में ग्रामीण

### दो वर्षों के अंदर यह चौथी घटना है



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**

भंडरिया थाना क्षेत्र के पर्रो गांव निवासी रामचंद्र सिंह के 55 वर्षीय पत्नी व स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र के सहायिका पनकुमरी देवी पर सोमवार की अहले सुबह एक जंगली भालू के द्वारा हमला कर दिया गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल उपचार के लिए परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा उनकी प्राथमिक उपचार किया गया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर विजय किशोर रजक के द्वारा घायल की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। पनकुमरी देवी सोमवार की सुबह अपने नित्य कार्य के लिए घर से बाहर निकली हुई थी इसी दौरान उन पर एक जंगली भालू ने हमला कर दिया। पनकुमरी देवी के द्वारा शोर मचाने के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए तथा पनकुमरी देवी को भालू के हमले से बचा लिया गया। भालू लोगो की भीड देख पास की जंगल की ओर भाग निकला। भालू के हमले में पनकुमरी देवी का पैर गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही वनकर्मी भंडरिया अस्पताल पहुंच घायल से घटना की जानकारी प्राप्त की।साथ ही वनकर्मियों ने जांच उपरांत सरकार के द्वारा मिलने वाले सभी सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया। वन कर्मियों में कमलेश कुमार, तुषार कुमार, उपेंद्र कुमार, रोशन कुमार, आदि उपस्थित थे।ज्ञात हो की विगत 2 वर्ष पूर्व में भी पर्रो गांव के ही मखिरन सिंह, सुरेंद्र सिंह, व ब्रह्मदेव सिंह भी भालू के हमले में घायल हो गए थे।

## अफीम की खेती करने के आरोप में एक को भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**

धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत खाला पंचायत के केरवा पहाड़ टोले में अफीम की खेती करने के आरोप में पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 20 जनवरी को पुलिस अधीक्षक गढ़वा को गुप्त सूचना मिली थी कि धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खाला में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही है। सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम अंचल अधिकारी धुरकी के साथ जब उक्त स्थल पर सूचना के सत्यापन हेतु पहुंचे तो देखें कि जैनुल अंसारी के घर के पास केरवा पहाड़ के पास भारी मात्रा में अफीम की खेती की गई है! उक्त अफीम की खेती को नष्ट किया गया। इस संबंध में धुरकी थाना में एक नामजद एवं अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार कांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त फेकू साह उर्फ अनवर हुसैन, करीब 46 वर्ष पिता जमालुदीन साह ग्राम पथरा थाना सलेया जिला गया (बिहार) को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के दौरान मालूम हुआ कि अफीम की फसल लगभग तैयार थी लगभग एक माह बाद सारा माल निकल जाता जिसको बेचने से करीब 35 से 40 लाख रुपए मिलते। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि इस कांड में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल में शामिल थाना प्रभारी सदानंद कुमार व सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## वनभोज कार्यक्रम को लेकर भाजपाइयों की बैठक



**बड़गड़।** क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के नेतृत्व में एक फरवरी को आयोजित होनेवाले वनभोज कार्यक्रम सह कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह के सफल आयोजन को लेकर मंडल इकाई बड़गड़ के भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई । मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रशाद की अध्यक्षता में आयोजित उक्त बैठक में कार्यक्रम की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा कार्यकताओं ने कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने सहित सभी को अलग अलग जिमेवारी सौपी गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से कहा की कार्यक्रम को सफल बनाने में सबकी सहभागिता जरूरी है। प्रखंड के ज्यादा से ज्यादा कार्यकताओं से भाग लेने की अपील की । बैठक में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनीता देवी,अखलेश पांडे, रवि सोनी ,रामचंद्र सिंह,दिलबसो देवी आदि शामिल थे।

## गढ़वा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष का स्वागत



**मंझिआंव।** गढ़वा जिला अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय में अभियंता ओबैदुल्लाह हक अंसारी गढ़वा जिला कांग्रेस नवनिर्वाचित अध्यक्ष चयन किया गया। जिसमें कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चयन किए जाने पर कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी शाहबाज खान ने बुके देकर सम्मानित किया। वहीं सम्मानित के उपरांत सोशल मीडिया प्रभारी शाहबाज खान ने कहा कि मुझे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि नव चयनित कांग्रेस के गढ़वा जिला अध्यक्ष गरीबों अधिकार के लिए आवाज उठाएंगे तथा कांग्रेसी पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए भी प्रयासरत रहेंगे। मौके पर जावेद आलम, शादाब आलम, सरफराज खान, नदीम जफर,कासिफ,सनी तथा कई लोग उपस्थित थे।

## चिनिया : कालीकरण पथ निर्माण में भारी अनियमितता, ग्रामीणों ने जताया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया प्रखंड मुख्यालय के रणपुरा मुख्य पथ से रंका रोड होते हुए मिशन टोला तक कालीकरण पथ मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों ने भारी अनियमितता बरते जाने की शिकायत की है। ग्रामीणों का शिकायत है कि कार्य एकदम घटिया किया जा रहा है इसमें बगैर पीच दिए ही सारी गिटी बिछा दिया जा रहा है। जो हाथ से उखाड़ने पर उखड जा रहा है, वहीं जूता चप्पल से रगड़ने पर भी पीच के अंदर से गिट्टी ऊपर आ जा रहा है,तथा वाहन चलने पर सडक कबड जा रहा है। वही सोमवार को ग्रामीण घटिया सड़क मरम्मत कार्य दिखाकर काफी नाराज हो रहे थे , और वरीय पदाधिकारी से जांच कर कार्रवाई करने की मांग कर रहे है , मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार से कई बार कहने के बावजूद भी सड़क को घटिया बनाया जा रहा है, तथा इस ओर से बनाकर काम को आगे बढ़ा दिया गया है। बताते चलें कि राज्य संपोषित योजना से जो करोड़ों की लागत से कालीचरण मरम्मत कार्य किया जा रहा है,ईसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है, वही सहायक अभियंता चंद्रचूड कुमार से पूछे जाने पर मामले में कहा कि अभी हम कुछ नहीं कह सकते जांच करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है । बताते चलें कि उक्त सड़क जिस स्थान पर 1 माह पूर्व बना है बनते ही सड़क उखड़ गए जबकि अन्य स्थानों पर अभी कार्य चल ही रहा है, ग्रामीणों ने कुछ कार्य में भी अनियमितता बरते जाने की आरोप लगाई है। मौके पर ग्रामीण दीवाकिशन खरवार, सुरेश विश्वकर्मा, आलोक कुमार सिंह, आशीष कुमार, भुकली देवी, सावित्री देवी, चिंतामन भुइयां, शीलावती देवी, विष्णु साहू, सहित कई लोग मौजूद थे ।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस को भाजयुमो ने किया याद



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में स्वतंत्रता के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने देश को आजाद कराने के लिए अपना पुरा जीवन राष्ट्र को न्योछावर कर दिया था। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने 1942 में युवाओं को संगठित कर दक्षिण एशिया में आजाद हिन्द फौज का गठन किया। उन्होंने कहा कि सुभाषचन्द्र बोस ने देश को आजाद कराने के लिए युवाओं से आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस देश के महानायक थे उन्होंने देश के युवाओं से दिल्ली चलो का नारा दिया था और क्रांति का बिगुल फूंक दिया था। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विकास तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, उदय कुशवाहा राम सकल कोरवा आदि मौजूद थे।

**अपील**

### हेताड़ कला में वन संरक्षक अधिकारी व विभाग की टीम ने लिया तेंदुए के पग मार्क का जायजा

# सुबह और शाम को जंगल की ओर न जाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

चिनिया प्रखंड क्षेत्र में पिछले 1 माह से तेंदुए के आतंक से लोग भयभीत हैं उसी के आलोक में तेंदुए को पकड़ने के लिए मध्यप्रदेश के संजय डूंगरी के टीम के साथ वन संरक्षक दिलीप कुमार यादव ा.ा.ङ्ग. शशि कुमार तथा वन विभाग की पूरी टीम हेताडकला पंचायत के हेताड खुर्द गांव के जंगल पहुंचकर तेंदुए को पकड़ने के लिए तेंदुए के पग मार्ग एवं क्षेत्र में उपस्थिति की जानकारी ली । तथा जंगल के विभिन्न क्षेत्रों में घूम घूम कर तेंदुए की उपस्थिति का मुआयना किया मामले में वन संरक्षक दिलीप कुमार यादव ने कहा कि वन विभाग एवं पूर्व में हैदराबाद से आई तेंदुए के पकड़ने वाली टीम 24 घंटा ट्रेंकुलाइज करने के लिए पहल कर रही है इसके लिए कई जगह में कैमरे पिंजरा लगाए गए हैं अभी मध्यप्रदेश के टीम संजय डूंगरी का टीम के साथ हम लोग तेंदुए की ट्रेंकुलाइज के लिए पहुंचे हैं एक सवाल के जवाब में कहा कि पकड़ने के लिए समय निश्चित नहीं है आज भी या इसमें और समय लग सकता है। उसे पकड़ा जा सकता है लेपर्ड का नेचर होता है कि वह दिन में छुपकर रहता है तथा छुपकर ही शिकार भी करता है । उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि लोग शाम एवं सुबह के जंगल की ओर न जाएं तथा जंगल की ओर जाएं भी तो समूह में जाएं बच्चे और महिलाएं शाम सुबह घर के बाहर ना निकले ।वही टीम में संजय डूंगरी के टीम रवि कुमार सेन, श्रीनिवास सेन, सी.एफ अमित कुमार यादव, डीएफओ शशि कुमार, वनपाल अनिमेष कुमार, सहित वन विभाग के कई कर्मचारी मौके पर मौजूद थे ।



### गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारी शुरू

## बड़गड़ में झंडोत्तोलन का समय हुआ निर्धारित



**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

74 वें गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में तैयारियां शुरू हो गई है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन कार्यक्रम के आयोजन एवं तैयारियों को लेकर बीडीओ विपिन कुमार भारती के अध्यक्षता में आयोजित झंडोतोलन कार्यक्रम का समय निर्धारण किया गया । बैठक में निर्धारित किए गए समयानुसार सर्व प्रथम प्रखंड कार्यालय बड़गड़ में पूर्वाहन 09:5 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा।इसके पश्चात पंचायत सचिवालय में 9:20 बजे, उप स्वास्थ्य केंद्र में 9:30 बजे, पुलिस पिकेट कार्यालय 9:45 बजे ,झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक 9:55 बजे ,बीएल स्कूल में 10:10 बजे ,परियोजना उच्च विद्यालय बड़गड़ में 10:20 बजे ,मध्य विद्यालय बड़गड़ 10:30 बजे ,महावीर चौक बड़गड़ में 10:40 बजे ,पशुपालन विभाग में 10:45 बजे ,राजकीय उच्च विद्यालय बोडरी में 10:50बजे, संकुल संगठन कार्यालय जेएसएलपीएस बड़गड़ में 11:00 बजे, संकुल कार्यालय जेएसएलपीएस परसवार में 11:15 बजे । बैठक में सरस्वती पूजा एवं गणतंत्र दिवस एक ही दिन में होने के कारण खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होगी।

# लातेहार में जयंती पर याद किए गए नेताजी सुभाषचंद्र बोस

## बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल में मनी जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** सोमवार को भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन के द्वारा नेताजी की फोटो के आगे दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के अन्य शिक्षकों के द्वारा नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के चारों हाउस के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों में स्वयं शांडिल्य, यशश्वी द्विवेदी, काजल, शान्वि, अक्षत, किसलय, समृद्धि, शिवम, वंशिका, साक्षी, शाहिना, आकाश, प्रिंस इत्यादि ने भाग लिया। प्रतियोगिता में श्रद्धानंद हाऊस विजेता एवं अरबिंदो हाऊस उप विजेता रहा। क्विज का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक अरुण कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक राकेश रंजन तिवारी, रवि प्रकाश तिवारी, सूरज मिश्रा, सुशील दुबे, शकुंतला पाल, अजीत कुमार, बसंत कुमार, बी एन साहा सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन के द्वारा नेता जी के जीवनी की अनेक उपलब्धियों से बच्चों को अवगत कराया गया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाई नेताजी की जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय में सुभाष चौक के समीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के सामने सोमवार को प्रखंड अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा नेताजी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन कर नेता जी को याद किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने बारी-बारी से सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर मंत्री सागर कुमार वर्मा ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस का प्रकाश डालते हुए कहा बोस स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे, वे द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा आजभारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है. वही आज भी भारत में जब भी आजादी के लिए अपना अमूल्य योगदान और क्रांतिकारियों का नाम आता है। उसमे नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम सबसे ऊपर आता है। उन्होंने कहा नेता सुभाष चंद्र बोस जी द्वारा दिया गया नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया था, इस वजह से संपूर्ण भारत वासी उन्हें नेताजी के नाम से संबोधित करते हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस से हमें कुछ सीखने की जरूरत है जैसे कि उनका जीवन बेहद संघर्षपूर्ण और उनका संपूर्ण जीवन चाहे वह राजनीतिक जीवन हो पारिवारिक जीवन या फिर शिक्षा से जुड़ा जीवन नेता जी द्वारा लिए गए सभी परिस्थितियों पर निर्णयों को हमेशा सराहा गया है जिससे हम अपने जीवन में अपनाकर जीवन को आसान बना सकते हैं। मौके पर नगर अध्यक्ष फिरोज अहमद , नगर सह मंत्री रंजीत कुमार भुइयां, अनुरुद्ध कुमार, अशोक कुमार सिंह, एसएफएस प्रमुख सोनू कुमार सिंह, नगर कार्यालय मंत्री चंद्रवंश सिंह, मनोज प्रसाद अजय गुप्ता, दिलीप यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चंदवा में नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** शहर के सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते उनकी 126 वीं जयंती मनाई गई है। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि आज भी उनकी प्रेरक बातें हमारे रग-रग में मौजूद है। आज ही के दिन यानी 23 जनवरी 1897 को सुभाष चंद्र बोस का जन्म ओडिशा के कटक में हुआ था। वह एक महान और राष्ट्र के प्रतिक थे, उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर देश की आजादी के लिए लड़े थे। उनके आदर्श और बलिदान हर भारतीय को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। सासंद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहु व निर्मल भारती ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने ये भी कहा था कि तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूंगा। जयंती के मौके पर सुधीर प्रसाद, बालजी उरांव, अजीत बनारसी, जुल्फान खान, जीतु साव, दिलीप बैठा, विजय भारती, तबरेज खान सहित अन्य शामिल थे।

## कुसुमटोली में झारखंड आंदोनकारी मोर्चा ने भी मनाई नेताजी की जयंती



कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म में झारखंड आंदोनकारी मोर्चा के द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई आंदोनकारी मोर्चा के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा दिये गए बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र सिंह कर रहे थे।मौके पर जितेंद्र सिंह,धनेशर उंराव,प्रमोद गंझु, सुरेंद्र भगत, सुजीत कुमार, गुलाब प्रजापति, प्रमोद भगत,महेश गंझु,महेश गंझु, जागेश्वर गंझु, समेत कई लोग मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### ट्रक की चपेट में आने से चालक गंभीर

**टंडवा ।** सोमवार देर शाम टंडवा थाना क्षेत्र के उडसु गांव के समीप ट्रक की चपेट में आने से दोपहिया वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिले के गर्रीकला निवासी व्यक्ति पल्सर बाइक जेएच 02 टी 4178 पर सवार गंतव्य की ओर जा रहा था, तभी वह ट्रक की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में भर्ती कराया गया।

### इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के मिनी शाखा का उद्घाटन

**इटखोरी।** सोमवार को इटखोरी प्रखंड अंतर्गत हलमता पंचायत में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के मिनी शाखा का उद्घाटन किया गया। मिनी शाखा का शुभारंभ पंचायत समिति सदस्य कंचन कुमारी व अशोक यादव ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मिनी शाखा संचालक के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण

**प्रतापपुर।** सोमवार को उपायुक्त अबु इमरान ने प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं व संचालित कार्यक्रमों का जायजा लिया। इस दौरान प्रखंड के योगिडीह पंचायत सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति का जायजा लिया। साथ ही मध्य विद्यालय डुमरी पहुंच कर बच्चों को पठन-पाठन से संबंधित मिलने वाली सामग्री व गुणवत्ता की जानकारी ली।

## चंदवा पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार, जेल



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर स्थित कठपुलिया के समीप से टेंपो में छिपाकर ले जा रहे अवैध शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि डीएसपी मिश्रा को गुप्त सूचना मिली थी कि एक टेंपो में छिपाकर अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा कठपुलिया के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक टेंपो को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में टेंपो में गुप्त स्थान में छुपाकर रखे लगभग 410 बोतल ओल्ड मोंक रम और नाईट गर्ल व्हिस्की नामक शराब को बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर से शराब समेत दोनों तस्कर मोईन अंसारी, हलीम अंसारी दोनों कांके रोड रांची को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि जब्त शराब बुढ़मू रांची से पटना ले जाई जा रही थी। गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों को पुलिस ने अग्रेतर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। छापेमारी दल में पुअनि नरायन यादव, पुअनि जमील अंसारी समेत सैट बल के जवान शामिल थे।

बरवाडीह में पुराना प्रखंड कार्यालय में राजद की बैठक

## राजद को कमजोर करने की हो रही है साजिश : विक्टर



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय के पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड राजद अध्यक्ष अली हसन अंसारी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के 13 पंचायतों के राजद पंचायत अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी राजद पंचायत अध्यक्षों ने कहा कि पंचायत अध्यक्ष एवं वरिष्ठ राजद कार्यकर्ताओं को अनदेखी कर एक साजिश के तहत आदित्य यादव को प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पंचायत अध्यक्षों ने कहा कि बरवाडीह प्रखंड राजद अध्यक्ष अली हसन के नेतृत्व में पूरी तरह से मजबूती के साथ काम कर रही है। ऐसे में दल को कमजोर करने के लिए वरीय कार्यकर्ताओं को अनदेखी कर गुपचुप तरीके से यादव को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है।

## सिंगापुर में सम्मानित होंगे बद्री प्रसाद



**लातेहार।** जिले के निवासी भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड के अभिकर्ता बद्री प्रसाद सिंगापुर में आयोजित सम्मान समारोह में गुरुवार को सम्मानित होंगे । मालूम हो कि बद्री प्रसाद वर्ष 2014 से सीओटी 2017 से कॉरपोरेट क्लब सदस्य है। पूर्व में उन्हें ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एमडीआरटी कन्वेंशन एवं ग्रीस में आयोजित कॉरपोरेट क्लब कन्वेंशन में सम्मानित किया जा चुका है। बद्री प्रसाद झारखंड से सम्मानित होने वाले कुल 5 अभिकर्ताओं में एक है।

## अनु.जनजाति आवासीय उवि. में मनी नेताजी की जयंती

**महुआडांड़।** राजकीय अनु.जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय महुआडांड़ में सोमवार को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती से मनाई गई। विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक गिरजाराम के नेतृत्व में में उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। फिर नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया, प्रधानाध्यापक ने कहा वे स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक में हुआ था। नेताजी ने देश की आजादी के लिए आजाद हिद फौज का गठन किया था। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा बुलंद करने वाले सुभाष चंद्र बोस आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्र मौजूद थे।

## बालूमाथ थाना परिसर में नेताजी को दी गई श्रद्धांजलि

**बालूमाथ।** थाना परिसर में बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम की उपस्थिति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती मनाई गई। इस दौरान सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर शत-शत नमन किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि देश की आजादी की संघर्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की कठिन त्याग संघर्ष वीरता जैसी जीवन मूल्यों से हमें सीख लेने की जरूरत है। संपूर्ण देश उनके शहादत की ऋणी है। और रहेगा ।मौके पर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने भी सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके ऐतिहासिक जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे पु अ नी कैलाश बाड़ा थाना पुलिस के कई पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बल के जवान उपस्थित रहे।

## नेताजी जी के जयंती पर निकाली गई प्रभात फेरी

**इटखोरी।** सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को लेकर इटखोरी प्रखंड के सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी को जिप सदस्य सरिता देवी, उपप्रमुख संजय गुप्ता, बीडीओ अन्वेशा ओना व थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राओं ने प्रखंड कार्यालय व चैक का भ्रमण किया। वहीं ज्ञान सरोवर विद्यालय के बच्चों द्वारा भी प्रभात फेरी निकली गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बीरबल पांडेय समेत अन्य शिक्षक व बच्चे शामिल थे।

## चतराः पेंटिंग प्रतियोगिता को लेकर केवीएस की टीम हजारीबाग रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** परीक्षा पर चर्चा 2023 विषय पर आयोजित जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर चतरा केवीएस की टीम हजारीबाग रवाना हुई। यह प्रतियोगिता केंद्रीय विद्यालय बीएसएफ, हजारीबाग में आयोजित है। टीम रवानगी के पूर्व विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डी खलको ने प्रतिभागियों का हौसला आफजाई किया और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाए दी। वहीं टीम का नेतृत्व शिक्षिका मनीषा कुमारी, टीजीटी (गणित) कर रही हैं। जबकि जाने वाले दल में छात्रा नीतू नंदनी, हिमांशी नायक, शारदा कुमारी,श्वेता कुमारी, छात्र पीयूष कुमार, निशांत राज, रितेश मालाकार व आदर्श कुमार मालाकार का नाम शामिल है।

## हाथियों के उत्पात से बेघर हुए परिवार आपदा राहत कोष से मिला अनाज



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** महुआडांड़ वन क्षेत्र शाहपूर पीएफ दुधारवा गांव में जंगली हाथियों के उत्पात से आठ परिवार बेघर हो गये है। इसमें मनोज कुजूर, महेंद्र कुजूर, फिलिप मुंडा, ईलाक मुंडा, दीपक मुंडा, सुरेश मुंडा, केशवर मुंडा, राफेल टोप्पो गांव को छोड़ बच्चो को लेकर शाहपुर के सरकारी विद्यालय में पनाह लिये हुए है। जहां उनके पास खाने को आनाज भी नहीं है एवं जंगली हाथियों द्वारा इनके घरों को धवस्त करने के बाद इनके पास रहने को घर नहीं है। जहां सोमवार को परहाटोली पंचायत के मुखिया एवं सेवक भिखू प्रसाद द्वारा आपदा राहत कोष से पीडित परिवारो को 10 किलो चावल साथ आलू, दाल, तेल दिया गया। इस संबंध में सुरेश मुंडा ने कहा वन विभाग की ओर से कुछ नही दिया गया है, हालांकि हमसे आवेदन वन विभाग द्वारा लिया गया है।

## प्रतियोगिता | इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय का मनाया गया 21वां स्थापना दिवस

# विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरित




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** जिला मुख्यालय स्थित प्रोफेसर कॉलोनी में संचालीत इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय का 21वां वर्षगांठ सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद कुमार सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस अवसर पर विद्यालय में पिछले माह आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। सर्वप्रथम कबड्डी प्रतियोगिता के लिए सीनियर ग्रुप में वर्ग दशम को प्रथम पुरस्कार एवं सप्तम को द्वितीय पुरस्कार, जबकि जूनियर सेक्शन में प्रथम पुरस्कार क्लास 5 को एवं द्वितीय पुरस्कार विश्वास को दिया गया। इसके अतिरिक्त रंगोली में प्रथम स्थान सीबीएसई क्लास 10 जी एवं जूनियर सीबीएसई क्लास 9 एवं तृतीय पुरस्कार 8 क्लास को दिया गया। शिक्षक शाहनवाज आलम ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेल कूद का बहुत महत्व है। आज के समय में पढ़ाई के साथ खेलकूद को भी लक्ष्य बनाया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासित एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने को कहा। वहीं प्रधानाध्यापक श्री सिंह ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में विद्यालय बहुत कम संसाधन में भी बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करते आ रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के खेल शिक्षक मनोज कुमार लहरी, राजू कुमार दांगी, पूनम सिंह, निर्मल कुमार यादव, निर्मला कुमारी, प्रज्ञा पाठक, नीतू कुमारी एवं अन्य का सराहनी योगदान रहा।

## महुआडांड़ : नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर मना 'पराक्रम दिवस'



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद महुआडाँड़ के सदस्यों ने सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों संग नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनायी एवं उनके पराक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में दीप जलाकर एवं राष्ट्रनायक सुभाष चन्द्र बोस जी के तस्वीर पे माल्यार्पण कर अभाविप नगर अध्यक्ष सह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य चंदन बेसरा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लातेहार जिला सह संयोजक उज्जवल धनुष एवं भूषण जायसवाल ने किया। उसके बाद अपने वक्तव्य में श्री बेसरा ने कहा की मां भारती की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं उनका जीवन देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। वहीं उज्जवल धनुष ने कहा की भारत के रोम रोम में आजाद हिंद फौज के माध्यम से स्वतंत्रता के प्राण फूंकने वाले आजादी के देवता के कहने पर लाखों भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अपना सब कुछ बलिदान किया। आई सी एस जैसी सुख आराम की नौकरी को ठोकर मारने वाले, उनकी वीरता और देशभक्ति हमें प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य चंदन बेसरा, सहायक शिक्षक शैलेंद्र सिंह, अभाविप के लातेहार जिला सह संयोजक उज्जवल धनुष, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित कुमार जायसवाल, नगर सोशल मीडिया प्रमुख दीपक गुप्ता, भूषण जायसवाल, पवन गुप्ता समेत अन्य शिक्षक एवं दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

NEWS इन ब्रीफ

## पशु तस्कर गिरफ्तार, जेल



**भंडरा।** जिले के भंडरा थाना पुलिस ने पशु तस्कर के आरोपी को उसके घर गुमला जिला अंतर्गत ग्राम सिसई से गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में पशु तस्कर सिसई निवासी अलीबक्स अंसारी का पुत्र एनामुल हक को गिरफ्तार कर जेल भेजने में कामयाबी हासिल की है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे पशु तस्करी के अभियुक्त एनामुल हक को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## 26 वर्षो से फरार वारंटी गिरफ्तार



**कैरो।** कैरो थाना पुलिस द्वारा 26 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी संखनाथ उरांव ने बताया कि कैरो निवासी श्याम महली पिता स्वर्गीय खेदन महली डकैती के कांड में पिछले कई सालों से फरार था। जिसके विरुद्ध जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश लोहरदगा के द्वारा एसटी 228/2001, कुडू थाना कांड संख्या 82/1997, धारा 395 भादवि के तहत स्थाई वारंट जारी किया था। जिसके तहत वारंटी श्याम महली को गुप्त सूचना के आधार पर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली ने दलबल के साथ संध्या गस्ती के दौरान घर से गिरफ्तार किया। जिसे सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## अस्पताल की गतिविधियों से अवगत हुई छात्राएं

**लोहरदगा।** लोहरदगा नर्सिंग होम के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के वर्ग-9 के छात्राओं को डॉ. दीपिका तिर्की व डॉ. राजेश कुमार भगत के द्वारा ऑपरेशन थिएटर (ओटी) रूम और इंस्ट्रूमेंट के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। डॉ० दीपिका ने बतलाया की अपने स्वास्थ्य के प्रति लड़कियों को जागरूक कैसे रहना चाहिए और शादी के बाद प्रेगनेंसी के दौरान सभी महिलाओं को डॉक्टर के देखरेख में ही रहकर दवा का सेवन करना चाहिए।

### डीसी-एसपी ने किया निःशुल्क कुश्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# युवक-युवतियां आएं व कुश्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण लें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा जिला में डीएमएफटी मद से बालक व बालिका वर्ग के लिए कुश्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बीएस कॉलेज स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में जब मैं अपने पैतृक गांव में था तो वहां के लड़के-लड़कियां कुश्ती सीखने जाया करते थे। वहां घर-घर के बच्चे कुश्ती के लिए इकट्ठा होते थे। उपायुक्त ने कहा कि जिला में आपलोगों के लिए इसे निःशुल्क रूप में शुरू कराया गया है। इसका प्रशिक्षण आप पूरे ध्यान से लें और इसमें बेहतर करने की सोचें। इसे आनेवाले समय में जारी रखना आपका काम है। अगर इसमें बेहतर करेंगे तो निश्चित रूप से ओलंपिक तक सफर तय करेंगे और वहां भी सफल होंगे। जो भी लड़के-लड़कियां कुश्ती सीखना चाहते हैं वे यहां आएं और कुश्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण लें। साथ ही, अपने उन दोस्तों को भी यहां लाएं जो कुश्ती का प्रशिक्षण लेना चाहते हैं। आपको सिर्फ अपने घर से निकल कर यहां तक आना है, बाकी सुविधाएं जिला प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही हैं, वो भी पूरी तरह निःशुल्क। जिला प्रशासन की ओर से पूरी सुविधाएं आपको दी जाएंगी जो इसमें कॅरियर बनाना चाहते हैं। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि आप इस सुविधा का इस्तेमाल कर अपने जीवन में आगे बढ़ें। जहां भी रहें, आपस में मिलजुल कर रहें और युवा सद्भावना मंच के उद्देश्य को पूरा करें। आप सभी युवा सद्भावना मंच के ब्रांड एंबेसडर हैं।आज कुश्ती के प्रशिक्षणार्थी खिलाड़ियों ने अपनी जज्बा का डेमो प्रदर्शित किया। मौके अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, अधिकारी कुश्ती के प्रशिक्षक महादेव उरांव समेत बड़ी संख्या में खेल-प्रेमी उपस्थित थे।

## नेताजी की जयंती पर आयोजित हुआ क्रिकेट मैच

### लोहरदगा एकादश ने कुडू एकादश को हराया




**लोहरदगा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज युवा सद्भावना मंच द्वारा बीएस कॉलेज स्टेडियम में क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। मैच का उदघाटन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा किया गया। मैच 15-15 ओवरों का खेला गया। इस मैच में लोहरदगा एकादश ने कुडू एकादश को 49 रनों हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लोहरदगा एकादश ने 15 ओवरों में 112 रन बनाया। टीम को ओर से बल्लेबाजी में शिवा ने 45 और शमशाद ने 30 रन बनाये। कुडू एकादश की ओर से गेंदबाजी में आर्यन ने 3 और सुंदर ने 3 विकेट हासिल किये। जवाबी पारी में कुडू एकादश की टीम 15 ओवरों में मात्र 61 रन ही बना सकी।

इसमें अनमोल के सर्वाधिक 10 रन शामिल हैं। गेंदबाजी में लोहरदगा एकादश की ओर से शिवा ने 4 और आकाश ने 2 विकेट हासिल किए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, क्रिकेट प्रशिक्षक अमित कुमार व बड़ी संख्या में खेल-प्रेमी उपस्थित थे।

## उपायुक्त-एसपी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण





**नेताजी** सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयन्ति पर पावरगंज चौक के पास अवस्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ,पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर जिले के अन्य पदाधिकारियों ने भी माल्यार्पण कर नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। माल्यार्पण के पश्चात उपायुक्त ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस में देशभक्ति, राष्ट्रभक्ति और आजादी के लिए समर्पण की भावना थी। युवावों को नेता जी के आदर्शों पर चलना चाहिए। उनके विचारों को आगे बढ़ाना चाहिये। नेता जी के संघर्ष एवं बलिदान को यूं ही नहीं भुलाया जा सकता है। देश की आजादी में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

# सरस्वती पूजा की सारी तैयारियां पूरी

### मां सरस्वती की प्रतिमा को फाइनल टच देने में लगे मूर्तिकार



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू में सरस्वती पूजा की सारी तयारीयां लगभग पूरी हो चुकी है। सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूलों में कार्यक्रमों को लेकर स्कूली बच्चे जोर शोर से तैयारी में जुटे है। कुडू शहर सहित प्रखंड के लगभग सभी गांव में सरस्वती पूजा को लेकर इन दिनों काफी रौनक देखने को मिल रही है। बच्चों में पूजा की तैयारियों को लेकर काफी हलचल है। बच्चे पूजा सामग्री खरीदने और साज सज्जा में व्यस्त हैं। वहीं दूसरी ओर सरस्वती पूजा को लेकर मूर्तिकार माँ सरस्वती की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे है। कुडू बस स्टैंड में पिछले आठ वर्षों से सरस्वती माता की मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकार रांची के ओरमांझी चंद्रा मायापुर निवासी मूर्तिकार बाबूलाल महतो और उनके सहयोगी फाइनल टच देने में जुटे हैं। बाबूलाल ने बताया कि समय के आभाव में इस साल हम लोगों ने करीब तीन दर्जन सरस्वती जी की मूर्ति बनाई है, जिसमे कम से 600 रु० कीमत से लेकर 7200 तक की मूर्तियां शामिल है। बाबूलाल महतो ने बताया कि बढ़ती महंगाई का भी असर उनके व्यवसाय पर पड़ा है। जिस मूर्ति की कीमत 3 हजार होनी चाहिए उसे लोग 1800 से दो हजार में मांगते हैं। इस वजह से पहले के बनिस्बत अब मूर्ति बनाकर बेचने में बहुत ज्यादा मुनाफा नही हो पाता है।

## तीन दिवसीय आध्यात्मिक शिविर की शुरूआत



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के किलेशेरा गांव में तीन दिवसीय आध्यात्मिक शिविर का किया गया शुरूआत। इस मौके पर उमाकान्त महाराज ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजित आध्यत्मिक शिविर में विभिन्न प्रकार के ज्ञान दिया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से योग ज्ञान, आत्मज्ञान, ब्रह्मज्ञान, सेवाज्ञान, मुक्तिज्ञान आदि विषयों पर बताया जायेगा। इस प्रकार के शिविर का आयोजन करके विभिन्न प्रकार के ज्ञान देकर समाज के कल्याणकल्याण का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर उमाकांत महाराज, ललन सिंह, चन्द्रदेव बैगा के साथ ग्रामीण पदमन मांझी, दिलेश्वर नायक, रबिन्द्र नायक, कार्तिक मांझी, दिलीप नायक, नकुल मांझी, ललन मांझी, मधु तिर्की, जुगल बेहरा, पदमनी देनी, पदमनी नायक, गोमती अमात, रोमहा देवी, जयंती देवी बेदमती महानदिया एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### भंडरा के बाल विकास परियोजना कार्यालय में गरीब बच्चों का स्वेटर बोरे में बंद

# बच्चों के बीच अब तक नहीं मिला स्वेटर

### बच्चों को समय से स्वेटर मिलता होता तो शीतलहरी में राहत मिलती

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा के बाल विकास परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण के लिए आए बच्चों का स्वेटर बोरे में बंद पड़ा है। कार्यालय में बंद बोरे बतला रहा है स्वेटर को आंगनबाड़ी केंद्रों में आज तक डिस्पैच नहीं किया गया है। ऐसे में इस कड़कड़ाती ठंड के समय बच्चों को स्वेटर नहीं मिल पाया है। अगर समय से मिल जाता तो बच्चों को इस शीतलहरी ठंड में राहत मिल जाता। लेकिन यहां बंद बोरे बतला रहा है कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी और राहत योजना को विफल करने में अधिकारी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस विषय में जब कार्यालय की प्रवेक्षिका नीलम मिंज से पूछा गया तो टालमटोल करती नजर आई। लेकिन सवाल उठता है कि कब वितरण होगा जब ठंड बीत जाएगा तब। आपको बता दें कि भंडरा प्रखंड में सीडीपीओ का पद खाली पड़ा है। पूर्व सीडीपीओ कुमुदिनी लकड़ा रिटायर कर चुकी है। इधर प्रवेक्षिका नीलम मिंज के कार्यशैली से क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका परेशान हो चुकी हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर सेविकाओं ने बताया कि अवैध वसूली में भी पर्यवेक्षिका संलिप्त है। आंगनबाड़ी सेविका हर महीने इन्हें पैसे देकर डरे सहमे ड्यूटी कर रहीं हैं। ऐसे में प्रवेक्षिका पद पर कार्यरत नीलम मिंज अपने मनमानी और अड़ियल रवैए से अपना वर्चस्व जमाए हुए हैं और कार्यालय को अपने मनमानी तरीके से चला रही है। इधर क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गरीब बच्चे स्वेटर मिलने की बाट जोह रहे हैं।



### टेंडर देर से होने की वजह से देर हुई है, कल तक बच्चों के बीच बंट जाएगा स्वेटर : डीएसडब्ल्यूओ



**मामले** में पूछे जाने पर प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम ने बताया कि टेंडर लेट से होने की वजह से डिलीवरी नहीं हो पाई थी। अब स्वेटर आ गई है तो 25 जनवरी तक बांटने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। सभी सीडीपीओ को निर्देश दिया जा चुका है की 25 जनवरी तक बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि अभी तो पूरे झारखंड में बंट रहा है लोहरदगा अकेला जिला नहीं है जहाँ देर से स्वेटर बंट रही है।

### पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गयी नेताजी की जयंती

# विद्यार्थियों ने किया दंड संचालन का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भैया बहनों द्वारा दंड संचालन करा कर पराक्रम दिवस का संदेश दिया गया`कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रीति कुमारी गुप्ता ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत की आजादी के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। देश को आजादी दिलाने के लिए उन्होंने अपने सिविल सर्विस की नौकरी छोड़ दी। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमें स्वतंत्रता सेनानियों से सीखना चाहिए कि कैसे देश को आगे बढ़ा सकते हैं और भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, रेणु कुमारी, कविता कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, आरती भगत, स्नेहा शर्मा आदि उपस्थित थे।



# बालू को लेकर होगा जोरदार आंदोलन : शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

प्रखंड के ट्रैक्टर मालिकों की बैठक आजसू के केंद्रीय सचिव गुड्डू शाहदेव की अध्यक्षता में बरवाटोली चौक में हुई। बैठक में प्रखंड के ट्रैक्टर मालिकों के समक्ष बालू के वैध उपलब्धता नहीं होने से होने वाले परेशानियों पर चर्चा की गई। ट्रैक्टर को काम नहीं मिलने से मालिक के साथ चालक व मजदूरों के समक्ष भुखमरी के समस्या उत्पन्न हो गई है। लोहरदगा जिले में एक भी वैध बालू घाट नहीं है, सरकार और सम्बन्धित अधिकारी कान में तेल डाल कर सोए हुवे है। गावों में ट्रैक्टर से जुड़कर जीवन यापन करने वाले मजदूर-चालक घर बार छोड़ के बाहर प्रदेश में जाने को मजबुर है। वहीं जिले के खनन पदाधिकारी के कारण एक निर्दोष जनजाती समुदाय के युवक कोलसिमरी निवासी पुनीत उरांव की असमय मौत ट्रैक्टर पलटने से हो गई। मौत के लिए जिला खनन पदाधिकारी को जिम्मेवार माना गया। बैठक में गुड्डू शाहदेव ने बालू की समस्या को दूर करने और ट्रैक्टर मालिक, चालक एवं मजदूरों को होने वाले परेशानियों को लेकर लोहरदगा जिले में जोरदार आंदोलन चलाने की बात कहा। ट्रैक्टर मजदूर की मौत के लिए जिला खनन पदाधिकारी को जिम्मेवार ठहराया और उनके उपर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कराने की बात कहा। लोहरदगा जिले के ट्रैक्टर मालिकों,चालकों-मजदूरों की व्यापक बैठक सोमवार को कुरु रुद चौक मंगल बाजार में प्रातः 11 बजे रखी गई है। जहां आगे आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में ट्रैक्टर दुर्घटना में मृत युवक के निधन पर दो मिनट का मौन धारण शोक प्रकट किया गया। बैठक में खुर्शीद अंसारी, मंगल महतो, पप्पू शाहदेव, आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## नेताजी की जयंती मनायी गयी

**कोलेबिरा।** नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा द्वारा कोलेबिरा प्रखंड के संत जोसेफ बालिका उच्च विद्यालय बरवाडीह में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 127 वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में संत जोसेफ बालिका उच्च विद्यालय बरवाडीह के प्रधानाध्यापिका सिस्टर विक्टोरिया मिंज ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। यह कार्यक्रम कोलेबिरा प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सौरभ बडाईक के नेतृत्व में किया गया।

**कड़ी मेहनत** इतिहास एक दिन में नहीं लिखी जाती है, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है

# शिक्षा से भी घर रोशन होते हैं : राज आनंद

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

कहा जाता है की जरुरी नहीं रौशनी सिर्फ चिरागों से ही हो, शिक्षा से भी घर रोशन होते हैं। बस इन्ही बातो को चरितार्थ कर दिखाया है सिमडेगा के प्रसिद्ध शिक्षक राज आनंद सिन्हा ने पिछले दिनों समाचार के माध्यमो से पता चला था की शिक्षक राज आनंद सिन्हा सिमडेगा के शिक्षा के इतिहास में एक नई कड़ी जोड़ने की कोशिश में लगे हुए हैं। सिमडेगा में प्रौढ़ शिक्षा की शुरूआत करते हुए शिक्षक गाँव गाँव जा कर वैसी महिलाए जो सहिया, सहिया साथी, आंगन बड़ी सेविका आदि का काम करती हैं, जो निरक्षर हैं, उनके जरुरी कागजाद इकठ्ठा करने लगे। फिर मुक्त विद्यालय से मैट्रिक और इंटर का एडमिशन किया और फिर लग गये उनको शिक्षा दिक्षा देने में। बहुत महिलाएं ऐसी थी जिनको लिखना पढ़ना भी नहीं आता था, उन्हें लिखना पढ़ना सिखाया। उनके पीछे लग कर उनको साक्षर करने की कठिन कोशिश में लगे रहे।मेहनत रंग लाई और महिलाएं परीक्षा में पास हो गई। सिमडेगा के इतिहास में एक नई कड़ी जोड़ते हुए शिक्षक ने वैसी महिलाओं को साक्षरता की डिग्री दिला दी जिनकी पढ़ाई 20-30 वर्ष पहले छुट गई थी।

शिक्षक राज आनंद सिन्हा ने बताया की महिलाओ से मिलने के बाद ये अहसास हुआ की इन्हें पढ़ने की असीम इक्षा है बस एक सहारे की जरुरत है। साथ ही साथ महिलाओं ने बताया की अगर वे लोग अगले एक दो सालों में मैट्रिक इन्टर की डिग्री नहीं ले पते हैं तो हो सकता है की सरकार की कोई नई दिशा निर्देश कभी आ जाये और उन्हें उनकी छोटी सी नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। बस इन्ही बातो की गहराई को समझते हुए हमने मेहनत करना सुरु किया। वहीं सफल महिलाओ में मुख्य रूप से अमाला खातून, सुषमा टोप्पो, गुलनाज खातून, फिलिसिता सोरेंग, अमृता सोरेंग, अलका किंडो, सुचिता देवी, पारिभा देवी, बिरज्मनी सुरीन, सरस्वती देवी और अनेक महिलाओ शामिल हैं। महिलाये अपनी सफलता का पूरा श्रेय शिक्षक राज आनंद को देती हैं। बनो निवासी गुलनाज खातून कहती हैं की सर राज आनंद हमारे लिए फरिस्ता बन कर एक दिन हमारे गांव आये और उस दिन से आज तक हमारे रिजल्ट को बेहतर बनाने में लगे हुए हैं। उनकी मेहनत और सहारे का नतीजा है की आज हम सब अच्छे अंक से पास कर पाए हैं। तामड़ा निवासी फिलिसिता सोरेंग कहती हैं की हम जैसी महिलाएं जिनको समाज अनपढ़ कह कर दुतकारता था। आज हमने प्रथम और द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हो कर यह साबित कर दिया है की एक अच्छे शिक्षक से अच्छे समाज का निर्माण संभव है। वैसी महिलाएं जो अब तक पीछे छुटी हुई हैं और शिक्षा के इस प्रसार में अब तक नहीं जुड़ी हैं उनको शिक्षक आमंत्रित करते हैं और विशेष सन्देश देते हुए कहते हैं की मंजिल मजबूर हो जाये आपसे मिलने को, आप एक सिद्दत से कोशिश तो कीजिए।



### जूनियर कैंब्रिज स्कूल के प्रांगण में मनायी नेताजी जयंती

# बच्चों ने बुलंद किया 'जय हिंद का नारा'

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

विद्या वनस्थली शिक्षा समिति द्वारा संचालित जूनियर कैंब्रिज स्कूल के प्रांगण में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक व समाजसेवी डॉ कामेश्वर प्रसाद की उपस्थिति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई गई। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या ने नेताजी के द्वारा गठित 'आजाद हिंद फौज' के उद्देश्य और उनके बलिदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा हर भारतीय को आज भी याद है जिसके द्वारा उन्होंने भारत देश को आजाद दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस दिन पूरा भारत वर्ष पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है और नेता जी को उनके कार्यों के लिए याद कर रहा है। बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान 'जय हिंद' का नारा बुलंद करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया, जिनका जीवन आज भी करोड़ों देशवासियों को मातृभूमि के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चे उपस्थित थे।



## NEWS इन ब्रीफ

### इंडिग्रिड 1,497.5 करोड़ रुपये में खरगोन ट्रांसमिशन का करेगी अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** अवसंरचना निवेश न्यास इंडिया ग्रिड ट्रस्ट (इंडिग्रिड) करीब 1,497.5 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर खरगोन ट्रांसमिशन का अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने सोमवार को बीएसई को भेजी एक सूचना में कहा कि यह सौदा करीब 1,497.5 करोड़ रुपये की नकद राशि में होगा। इसमें कहा गया कि इंडिग्रिड ने 21 जनवरी, 2023 को इंडिग्रिड के प्रायोजकों में से एक स्टरलाइट पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड से खरगोन ट्रांसमिशन लिमिटेड में एक या अधिक किश्तों में 100 प्रतिशत शेयरधारिता और आर्थिक हित के अधिग्रहण के लिए एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### आईडीबीआई बैंक का मुनाफा 60 फीसदी बढ़कर 927 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) ने वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में बैंक का मुनाफा 60 फीसदी बढ़कर 927 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक ने 578 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आईडीबीआई बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्तीय प्रावधान में कमी और ब्याज आय बढ़ने से उसका लाभ बढ़ा है।

### ग्लोबल मार्केट से मजबूत संकेत, एशिया के दो तिहाई बाजारों में छुट्टी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी बाजार में अच्छी तेजी नजर आई थी। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चीन का न्यू ईयर डे होने की वजह से आज एशिया के दो तिहाई बाजार बंद हैं। लगातार तीन तक गिरावट का सामना करने के बाद पिछले कारोबारी सत्र में वॉल स्ट्रीट में जोरदार तेजी का रुख बना। नैस्डेक 288.17 अंक यानी 2.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,140.43 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.89 प्रतिशत की की छलांग लगाकर 3,972.61 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

### राशन कार्डधारकों को गेहूं-चावल के साथ और सामान मिलेगा मुफ्त

**नई दिल्ली।** राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अगर आप भी फ्री राशन वाली स्कीम का फायदा लेते हैं तो अब सरकार आपके लिए एक और खास प्लान बना रही है, जिसके तहत फ्री गेहूं, चावल के अलावा और भी सामान आपको आपको मुफ्त में देने का प्लान बना रही है। इसके साथ ही अन्य सामान भी आपको काफी कम कीमत पर मिल सकता है।

# जोमैटो की खामियों को जल्द दूर कर दिया जायेगा : सीईओ

**एजेंसी। नई दिल्ली**




एक उद्यमी द्वारा लिंक्डइन पोस्ट में शिकायत किए जाने के बाद कि एक जोमैटो डिलीवरी एजेंट ने सीधे उसे कुछ पैसे देकर कंपनी को धोखा देने और भोजन का आनंद लेने की सलाह दी। कंपनी के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने कहा, वह इस धोखाधड़ी के बारे में जानता है और खामियों को दूर करने के लिए काम कर रहा है। उम्मीद जतायई जा रही है कि जोमैटो के खामियों को जल्द दूर कर लिया जायेगा और यह फिर सही रास्ते पर चलने लगेगा। विनय सती ने पोस्ट किया कि एक जोमैटो डिलीवरी एजेंट ने सुझाव दिया कि अगली बार से उसे 200 रुपये या 300 रुपये का भुगतान करें और 1,000 रुपये के भोजन का आनंद लें। सती ने पोस्ट में एजेंट के हवाले से कहा, आप बस मुझे 200 रुपये, 300 रुपये दे देना या 1000 रुपये के खाने के लिए लेना। एजेंट ने कथित तौर पर उससे कहा, मैं जोमैटो को दिखा दूंगा कि तुमने खाना नहीं लिया है, बल्कि जो खाना तुमने ऑर्डर किया है वह तुम्हें भी दूंगा। सती ने पोस्ट किया, जोमैटो के साथ जो घोटाला हो रहा है, उसे सुनकर मेरे रोंगटे खड़े हो गए। उसने जोमैटो से कुछ बर्गर किंग बर्गर मंगवाए और ऑनलाइन भुगतान किया। उद्यमी ने कहा, और जैसे ही 30-40 मिनट के बाद डिलीवरी बॉय आया, उसने मुझसे कहा कि सर, अगली बार ऑनलाइन भुगतान न करें। उन्होंने कहा कि अगली बार जब आप सीओडी (कैश ऑन डिलीवरी) के माध्यम से 700-800 रुपये का खाना ऑर्डर करेंगे तो आपको उसके लिए केवल 200 रुपये का भुगतान करना होगा। इससे अवगत हैं और खामियों को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं।

## स्पोटिफाई कंपनी के कर्मचारियों पर मंडरा रहा नौकरी जाने का खतरा

**नई दिल्ली।** छंटनी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, एक के बाद एक कई बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रही हैं। पिछले साल अक्टूबर में स्पोटिफाई ने अपने जीम लेट और परकास्ट पॉडकास्ट स्टूडियो से करीब 38 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया था और अब सामने आ रही रिपोर्ट्स इस बात का संकेत दे रही हैं कि कंपनी एक बार फिर इस हफ्ते के शुरूआत में ही लागत को कम करने के लिए कर्मचारियों को बर्खास्त करने का प्लान कर रही है। याद दिला दें कि पिछले साल सामने आई म्यूजिक स्ट्रीमिंग कंपनी स्पोटिफाई की तीसरी तिमाही की आय रिपोर्ट के मुताबिक स्पोटीफाई के पास 9800 कर्मचारी हैं। आप लोगों की जानकारी के लिए बता दें कि फिलहाल अभी यह साफ नहीं हुआ है कि इस बार कितने लोग की नौकरी जाने वली है।

# केनरा बैंक का मुनाफा 2,882 करोड़ हुआ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में बैंक का मुनाफा 92 फीसदी बढ़कर 2,882 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,502 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को सोमवार को दी जानकारी में कहा कि तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 92 फीसदी बढ़कर 2,882 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसे 1,502 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बैंक ने बताया कि लाभ में वृद्धि और फंसे कर्ज में कमी आने और ब्याज से प्राप्त आय बढ़ने से उसके मुनाफे में इजाफा हुआ है। बैंक के मुताबिक तीसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 26,218 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 21,312 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान उसकी ब्याज से प्राप्त आय भी पिछले वर्ष की समान तिमाही की 17,701 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 22,231 करोड़ रुपये हो गई। इसके साथ ही परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में भी बैंक का रिकॉर्ड बेहतर हुआ है। बयान के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में उसकी सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर 5.89 फीसदी रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के अंत में यह 7.80 फीसदी रही थी। इसी तरह बैंक का शुद्ध एनपीए भी पिछले वित्त वर्ष के 2.86 फीसदी के मुकाबले घटकर 1.96 फीसदी रह गया है। इसके अलावा बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात भी 14.80 फीसदी से बढकर 16.72 फीसदी हो गया है।

## हुंडई ने नई ऑरा कार लॉन्च किया

**नई दिल्ली ।** हुंडई की नई ऑरा लॉन्च देश की दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया ने अपनी कॉम्पैक्ट सेडान ऑरा का नया संस्करण लॉन्च किया है। हुंडई ने नई ऑरा को मारुति डियाजर को टक्कर देने के लिए बाजार में उतारा है। कंपनी ने इसको पेट्रोल और सीएनजी दोनों वैरिएंट में पेश किया है। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने अपनी कॉम्पैक्ट सेडान ऑरा का नया संस्करण पेश किया है। कंपनी के मुताबिक ऑरा के नए संस्करण की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 6.29 लाख रुपये से लेकर 8.57 लाख रुपये तक है। इसमें सीएनजी विकल्प भी मौजूद है। कंपनी ने कहा कि सेडान ऑरा के नए मॉडल कार में 30 से ज्यादा सुरक्षा खूबियां मौजूद है। हुंडई की इस कार में चार एयरबैग मानक फिटमेंट के तौर पर मौजूद है, जबकि विकल्प के रूप में छह एयरबैग भी है। हुंडई मोटर की नई ऑरा पेट्रोल और सीएनजी प्रारूप में उपलब्ध है, जबकि डीजल प्रारूप को कंपनी ने हटा दिया है।


## एचपी ने भारत में नया एनवी एक्स 360 15 लैपटॉप लॉन्च किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीसी और प्रिंटर प्रमुख एचपी इंक ने सोमवार को देश में कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एनवी एक्स360 15 लैपटॉप की एक नई रेंज पेश की। 15.6-इंच ओएलईडी टच डिस्प्ले और टिकाऊ 360-डिग्री हिंज के साथ लैपटॉप 82,999 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। एचपी इंडिया में सीनियर डायरेक्टर-पर्सनल सिस्टम्स, विक्रम बेदी ने कहा, एचपी का नया एनवी एक्स360 15 पोर्टफोलियो कंटेंट क्रिएटर्स को सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास डिस्प्ले और स्मार्ट, उच्च-प्रदर्शन उत्पादकता सुविधाओं के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने में सक्षम बनाता है। अधिक प्रदर्शन और शक्तिशाली प्रदर्शन को सक्षम करने के लिए, नया एचपी एनवी एक्स360 15 पोर्टफोलियो 12वीं जेनरेशन के इंटेल कोर ईवीओ आई7 प्रोसेसर के साथ इंटेल आइरिक्स एक्सई ग्राफिक्स के साथ आता है। कंपनी के अनुसार, फ्लिकर-फ्री और एंटी-रिफ्लेक्शन स्क्रीन लंबे समय तक उपयोग के बाद भी अंतिम कलर एक्यूरेसी प्रदान करती है। ये आंखों की थकान को कम करने के लिए आईसेफ डिस्प्ले द्वारा समर्थित है। यह डिवाइस तेजी से संचार के लिए एक इमोजी कीबोर्ड, ऑटो फ्रेम टेक्नोलॉजी जैसे खुफिया फीचर्स के साथ 5 एमपी आईआर कैमरा और बढ़ी हुई प्राइवेसी के लिए एआई नॉयस में कमी प्रदान करता है। यह अधिक स्क्रीन और कम स्क्रॉलिंग देखने के लिए 88 प्रतिशत स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो के साथ अधिक स्क्रीन देता है। एचपी 'फास्ट चार्ज' तेज चार्जिंग के साथ लंबी बैटरी लाइफ को सक्षम बनाता है।

# शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स 464 अंक उछला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में मामूली उठापटक के बाद बाजार मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में सेंसेक्स 0.77 प्रतिशत और निफ्टी 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हीरो मोटोकॉर्प, आयशर मोटर्स और यूपीएल के शेयर 1.97 प्रतिशत से लेकर 1.46 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, अडाणी पोर्ट्स और अडाणी इंटरप्राइजेज 1.76 प्रतिशत से लेकर 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,927 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,084 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 843 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 26 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में और 4 शेयर बिकवाली के दबाव के कारण लाल निशान में बने हुए थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज पॉजिटिव नोट के साथ तेजी का रुख दिखाते हुए कारोबार की शुरूआत की। ये सूचकांक 254.24 अंक उछलकर 60,876.01 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार शुरू होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बनता नजर आया, जिसके कारण पहले 10 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक सेंसेक्स गिरकर 60,761.88 अंक तक पहुंच गया।

## बंपर रिटर्न के साथ पाना चाहते हैं टैक्स सेविंग का लाभ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

निवेश के इस दौर में हर कोई टैक्स सेविंग करने के लिए अपना रहा है। ज्यादातर लोग टैक्स छूट के लिए आयकर की धारा 80सी को चुनते हैं, जो कई सरकारी योजनाओं के तहत दिया जाता है। इसके तहत एक वित्तीय वर्ष में 1.5 लाख रुपये तक का छूट दी जाती है। हालांकि अगर आप निवेश पर अच्छे रिटर्न के साथ ही टैक्स सेविंग विकल्प की तलाश कर रहे हैं तो ईएलएसएस म्युचुअल फंड आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है। टैक्स सेविंग म्युचुअल फंड या इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम के तहत आयकर की धारा 80 सी के तहत टैक्स छूट का दावा किया जा सकता है। ईएलएसएस के तहत आप हर साल मैक्सिमम 1.5 लाख रुपये तक की टैक्स सेविंग कर सकते हैं। साथ ही आपको अन्य टैक्स सेविंग के साथ ही अच्छा रिटर्न भी देता है। इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम म्युचुअल फंड 3 साल की लॉक इन अवधि के साथ आता है, जबकि पब्लिक प्रोविडेंट फंड 15 साल और नेशनल सेविंग सर्टिफकेट में लॉक इन अवधि 5 साल का होता है। पीपीएफ और एनएससी जैसी योजनाएं गारंटीड इनकम देती हैं, पर एछरर फंड के साथ ऐसा नहीं है, यह मार्केट पर निर्भर रहता है।

# गूगल ने कर्मचारियों के ग्रीन कार्ड आवेदन पर लगाई रोक

**एजेंसी। नई दिल्ली**




छंटनी के बीच कर्मचारियों के लिए एक और बुरी खबर आई है, खासकर भारत से। गूगल ने अपने प्रोग्राम इलेक्ट्रॉनिक रिव्यू मैनेजमेंट को रोक दिया है, जो नियोक्ता-प्रायोजित ग्रीन कार्ड प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। गूगल ने विदेशी कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है, जिसमें उन्हें सूचित किया गया है कि तकनीकी दिग्गज ने पीईआरएम की किसी भी नई फाइलिंग को रोक रहा है। इससे विदेशी कर्मचारियों का भविष्य अधर में लटक गया है। एक कंपनी के कार्यकारी को मिले ईमेल के अनुसार, यह समझते हुए कि यह समाचार आप और आपके परिवारों में से कुछ को कैसे प्रभावित कर सकता है, मैं नए पीईआरएम एप्लिकेशन्स को रोकने के लिए हमें जो कठिन निर्णय लेना पड़ा है, उसके बारे में आपको जल्द से जल्द अपडेट करना चाहता था। यह अन्य वीजा आवेदनों या कार्यक्रमों को प्रभावित नहीं करता है। गूगल के एक कर्मचारी ने टीम ब्लाइंड पर ईमेल पोस्ट किया, जो प्रमाणित आईटी कर्मचारियों के लिए एक अनाम सोशल नेटवर्किंग साइट है। पीईआरएम आवेदन ग्रीन कार्ड (स्थायी निवास) प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण पहला कदम है। इस प्रक्रिया में नियोक्ताओं को यह प्रदर्शित करने की आवश्यकता होती है कि विशेष भूमिका के लिए कोई योग्य अमेरिकी कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं, जो आज के श्रम बाजार को समर्थन देने के लिए हमारे लिए एक कठिन स्थिति रही है। गूगल ईमेल के अनुसार, कई टेक कंपनियों ने अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती (नियुक्ति पर रोक/छंटनी) की घोषणा के साथ, नौकरी की तलाश करने वाले लोगों में वृद्धि हुई है। हालांकि, गूगल ने कहा कि वह पहले से सबमिट किए गए पीईआरएम एप्लिकेशन्स का समर्थन करना जारी रखेगा।

## हीरा उत्पादन 21 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** हीरा मजदूर 31 वर्षीय विपुल जिंजला ने जहर खा लिया और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उनके छोटे भाई परेश ने मीडिया को बताया कि पिछले कुछ महीनों से उनके बड़े भाई को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा था, क्योंकि बढ़ती महंगाई के साथ-साथ वेतन कम हो रहा था और उनके भाई के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया था, जिसमें वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गए। सूरत डायमंड के अध्यक्ष रमेश जिलारिया ने कहा कि विपुल अकेले नहीं हैं, हजारों श्रमिक अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, आवास या वाहन ऋण, बच्चों की स्कूल की फीस और दैनिक घरेलू खर्चों को पूरा करने में नियमित रूप से ईएमआई का भुगतान करना मुश्किल हो रहा है। यूनियन के मोटे अनुमान के मुताबिक, उत्पादन में कटौती और छोटी इकाइयों के बंद होने के कारण पिछले कुछ महीनों में करीब 10,000 हीरा श्रमिकों की नौकरी चली गई है।

# हीरो इलेक्ट्रिक ने मैक्सवेल एनर्जी के साथ की साझेदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इलेक्ट्रिक दोपहिया निमार्ता हीरो इलेक्ट्रिक ने सोमवार को एडवांस बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम्स (बीएमएस) के लिए मोटर वाहन निमार्ता मैक्सवेल एनर्जी सिस्टम्स के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के हिस्से के रूप में, मैक्सवेल अगले तीन वर्षों में अपने बीएमएस की दस लाख से अधिक इकाइयों की आपूर्ति करेगा। हीरो इलेक्ट्रिक के सीईओ सोहिंदर गिल ने कहाः अवांट-गार्डे और एडवांस बैटरी पैक की पेशकश करने के लिए, हम मैक्सवेल के साथ उनके बीएमएस समाधान के लिए साझेदारी करके खुश हैं, जो हमें अपने ग्राहकों को सुरक्षित और परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड ईवी प्रदान करने में मदद करेगा। यह साझेदारी हमें लोकल सप्लाई चेन बनाने और मेक इन इंडिया मिशन का समर्थन करने में मदद करेगी, जिससे हमारी आयात निर्भरता कम हो जाएगी। मैक्सवेल के साथ, अब हमारे पास बैटरी डिजाइनों को भविष्य-प्रमाणित करने के लिए 2 ठोस विश्वसनीय साझेदार हैं। इसके अलावा, मैक्सवेल और हीरो इलेक्ट्रिक भारतीय ईवी बाजार के लिए एडवांस इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की एक रोमांचक नई रेंज पर काम करेंगे। मैक्सवेल एनर्जी सिस्टम्स के सीईओ और सह-संस्थापक अखिल आर्यन ने एक बयान में कहा कि हम एक एडवांस इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्तिकर्ता के रूप में उनके (हीरो) साथ साझेदारी करके और अपने स्मार्ट बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम की आपूर्ति (सप्लाई) शुरू करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं। चूंकि हमारे दोनों मिशन एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, इसलिए हमारा लक्ष्य हीरो के साथ साझेदारी में ईवी बाजार में ऐसे कई इनोवेशन लाने का है।

**लांच** भारत अपने ग्राहकों के लिए क्षमता का उपयोग करेगा

# अमेजन ने देश में कार्गो नेटवर्क लांच किया

**एजेंसी। हैदराबाद**

ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अमेजन ने अपने परिवहन नेटवर्क को बढ़ाने और देश में ग्राहकों को तेजी से डिलीवरी सक्षम करने के लिए सोमवार को भारत में अमेजन एयर लॉन्च किया। अमेजन बोइंग 737-800 विमान की पूरी कार्गो क्षमता का उपयोग करेगा जो क्विकजेट कार्गो एयरलाइंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित किया जाएगा। तेलंगाना के उद्योग और वाणिज्य मंत्री के. टी. रामा राव क्विकजेट के नए अमेजन-ब्रांडेड विमान के इंडक्शन सेरिमनी में अमेजन के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ अखिल सक्सेना- उपाध्यक्ष, ग्राहक पूर्ति (एपीएसी, एमईएनए और एलएटीएएम) और डब्ल्यूडब्ल्यू ग्राहक सेवा और हैदराबाद में अमेजन ग्लोबल एयर की वाइस प्रेसिडेंट सारा रोड्स उपस्थित थे। अमेजन भारत की पहली ई-कॉमर्स कंपनी है, जिसने एक समर्पित एयर कार्गो नेटवर्क प्रदान करने के लिए थर्ड पार्टी के एयर कैरियर के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने कहा कि यह भारत में अपने परिवहन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की लॉन्ग-टर्म कमिटमेंट की पुष्टि करता है। क्विकजेट




हैदराबाद, बैंगलोर, दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में अमेजन ग्राहक शिपमेंट को परिवहन के लिए विमान का उपयोग करेगा। भारत में अमेजन एयर का लॉन्च अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और तेजी से वितरण के लिए अपने परिवहन नेटवर्क को विकसित करने के लिए क्षमता निर्माण जारी रखने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। मंत्री रामा राव ने कहा कि समर्पित एयर कार्गो नेटवर्क लॉन्च करने वाली अमेजन भारत की पहली ई-कॉमर्स कंपनी है। इसने उत्तरी अमेरिका और यूरोप के बाहर अमेजन एयर लॉन्च करने के लिए विजयी तेलंगाना को चुना। मंत्री ने कहा कि हैदराबाद के साथ अमेजन की प्रेम कहानी बढ़ती रही। उन्होंने बताया कि हैदराबाद पहले से ही अमेजन के दुनिया के सबसे बड़े परिसर का घर है और एडब्ल्यूएस डेटा सेंटर ने पहले ही 2030 तक 4.4 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। एशिया में अमेजन का सबसे बड़ा पूर्ति केंद्र भी हैदराबाद में स्थित है। रामाराव ने कहा कि तेलंगाना मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के विकास के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करता है और हैदराबाद ई-कॉमर्स वितरण और आपूर्ति श्रृंखला गतिविधियों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा, ₹हम राज्य के एयर कार्गो इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं और हम अमेजन एयर के लॉन्च का स्वागत करते हैं जो हैदराबाद को देश के लिए एक कार्गो हब बनाने में मदद करेगा और राज्य में अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

## ट्विटर ने 4 और देशों में कम्युनिटी नोट्स का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** ट्विटर ने यूके, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड सहित चार और देशों में अपने क्राउड-सोर्स्ड फैक्ट-चेकिंग प्रोग्राम, कम्युनिटी नोट्स का विस्तार किया है। कंपनी ने कम्युनिटी नोट्स अकाउंट के माध्यम से ट्विटर पर जानकारी साझा करते हुए कहा, किबअब हम यूके, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से योगदानकर्ताओं को स्वीकार कर रहे हैं- कम्युनिटी नोट्स में आपका स्वागत है। हम नए योगदानकर्ताओं को बैचों में स्वीकार करते हैं, योगदानकर्ता आधार प्रति सप्ताह 10 प्रतिशत बढ़ रहा है। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने दूसरे देशों के लोगों को भी शामिल करने का वादा किया। कंपनी ने ट्वीट किया, हम गुणवत्ता की निगरानी कर रहे हैं और समय के साथ नए देशों में विस्तार करना जारी रख रहे हैं।

# अपने स्ट्रीमिंग ऐप को थर्ड-पार्टी टीवी पर ला सकता है सैमसंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सैमसंग कथित तौर पर अपने स्ट्रीमिंग एप्लिकेशन, टीवी प्लस को अन्य निमार्ताओं के टीवी पर ला सकता है। द वर्ज की रिपोर्ट में बताया गया कि टेक रिपोर्टर जांको रोएटगर्स के अनुसार, तकनीकी दिग्गज के अपने स्ट्रीमिंग ऐप को टीसीएल टीवी पर लाने की संभावना है। कंपनी ने 2015 में टीवी प्लस पेश किया था जो एक मुफ्त, विज्ञापन समर्थित स्ट्रीमिंग सेवा है जो नए सैमसंग टीवी पर पहले से इंस्टॉल आती है। सेवा उपयोगकर्ताओं को पारंपरिक टीवी सेवा के समान चैनलों के कलेक्शन के माध्यम से फ्लिप करने का एक तरीका प्रदान करती है। इसके अलावा, यह सेवा सैमसंग द्वारा निर्मित राइड या ड्राइव और द मूवी हब जैसे चैनलों के साथ-साथ स्थानीय और राष्ट्रव्यापी समाचार चैनलों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। वर्तमान में, टीवी प्लस में यूएस में 220 चैनल हैं और 24 देशों में लगभग 1,600 चैनल हैं। एक सूत्र ने रोएटगर्स को बताया कि हालांकि कंपनी ने अन्य टीवी निमार्ताओं को विशिष्ट चैनलों को लाइसेंस देने की संभावना पर गौर किया है। नतीजतन, तकनीकी दिग्गज ने अन्य निमार्ताओं को संपूर्ण टीवी प्लस एप्लिकेशन प्रदान करने के लिए गियर बदल दिया है। रिपोर्ट में कहा गया, वर्षों से, सैमसंग टीवी प्लस की पहुंच का विस्तार कर रहा है और गैलेक्सी उपकरणों, वेब और यहां तक कि चुनिंदा फैमिली हब रेफ्रिजरेटर मॉडल पर भी सेवा उपलब्ध करा रहा है। कंपनी ने पिछले साल अगस्त में कहा था कि दुनिया भर में स्ट्रीमिंग के 3 अरब घंटों के साथ टीवी प्लस पर दर्शकों की संख्या 2021 साल में 100 फीसदी बढ़ी है।

ज्ञान की बात

साधना के लिए मनन अत्यंत आवश्यक होता है। पहले मन का निरीक्षण करो कि उसमें क्या क्या भरा है? जब तक उसका सर्वेक्षण नहीं करोगे, तब तक यह कैसे जानोगे कि तुम्हारे मन में क्या-क्या है? तभी तो पहचानोगे कि किसका कितना मूल्य है। मूल्य आंक लोगे, तो निर्णय कर सकोगे कि क्या आवश्यक है, क्या अनावश्यक। तब जान पाओगे कि क्या रखना है और क्या फेंकना है। – *ठाकुर जी*

# महंगाई पर चिंता जायज

***एक*** बार फिर रिजर्व बैंक के गवर्नर ने पिछले दिनों घटती विकास दर और बढ़ती महंगाई को लेकर चिंता जाहिर की है। हालांकि वे यह भरोसा दिलाना नहीं भूले कि महंगाई पर काबू पाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने इस साल आर्थिक विकास दर सात फीसद रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में करीब पौने दो फीसद कम है। उन्होंने माना कि अगर महंगाई ऊंचे स्तर पर बनी रहती है, तो फिर वृद्धि और निवेश में जोखिम बढ़ सकते हैं। हालांकि रिजर्व बैंक अपनी ब्याज दरों में बदलाव करके कई बार महंगाई पर काबू पाने का प्रयास कर चुका है, मगर उसके अपेक्षित परिणाम नजर नहीं आये। उल्टा आवास, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ और बढ़ गया है। बैंकों से कर्ज लेने के प्रति लोगों में अनुत्साह नजर आने लगा है। यह सच्चाई छिपी नहीं है कि आर्थिक विकास दर में सुस्ती और महंगाई की दर ऊंची बने रहने के पीछे असल वजहें क्या हैं। गर्वनर ने भी स्वीकार किया कि विनिर्माण और खनन क्षेत्र में खराब प्रदर्शन की वजह से आर्थिक विकास दर को ऊंचा रख पाना कठिन बना हुआ है। इसके अलावा बढ़ता राजकोषीय और व्यापार घाटा, जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भरता आदि के चलते महंगाई पर नियंत्रण कर पाना कठिन है। कृषि क्षेत्र में उपज बढ़ने से जीन्सों की कीमतों में कुछ नरमी जरूर आ सकती है, मगर भारी उद्योग के क्षेत्र में सुस्ती चिंता का सबब बनी हुई है। यह अच्छी बात है कि रिजर्व बैंक के गवर्नर ने आर्थिक स्थिति को बड़ी साफगोई से बयान किया, मगर लोग उनसे यह नहीं सुनना चाहते कि विकास दर पहले की तुलना में घटेगी और महंगाई का रुख ऊपर की तरफ बना रहेगा। आम जन तो इस समस्या से पार पाना चाहते हैं। इसके उपाय सोचना रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय का काम है। मगर कई मामलों में दोनों के बीच वैचारिक अंतर देखा जाता है। रिजर्व बैंक आर्थिक विकास दर को लेकर अपना कोई अनुमान पेश करता है, तो वित्त मंत्रालय ठीक उसके उलट या विरोधाभासी आंकड़े पेश कर देता है। वित्तमंत्री अभी तक यह मानने को तैयार नहीं हैं कि भारत में मंदी का वातावरण है। उन्हें भरोसा है कि जल्दी ही देश इस संकट से बाहर निकल आयेगा। इसी भरोसे के साथ वे अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश करती हैं। विकास दर को बेहतर बनाने और महंगाई को लोगों की सहनशक्ति के स्तर लाने के लिए जरूरी है कि आयात को कम किया और निर्यात को बढ़ाया जाये। मगर स्थिति यह है कि पिछले सालों में लगातार आयात बढ़ और निर्यात घट रहा है। आत्मनिर्भरता का नारा कामयाब नहीं हो पा रहा, जिसका नतीजा है कि विनिर्माण के क्षेत्र में चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। इस समय पूरी दुनिया में मंदी की छाया है, इसलिए विश्व बाजार में भारतीय उत्पाद की खपत बढ़ाना बड़ी चुनौती है।

**वित्तमंत्री अभी तक यह मानने को तैयार नहीं हैं कि भारत में मंदी का वातावरण है। उन्हें भरोसा है कि जल्दी ही देश इस संकट से बाहर निकल आयेगा। इसी भरोसे के साथ वे अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश करती हैं।**

# पाकिस्तान हाई कमीशन की जासूसी


**आर. के. सिन्हा**



***राजधानी*** का डिप्लोमेटिक एरिया चाणक्यपुरी आजकल एकबार फिर खबरों में है। वजह यह है कि वहां पर स्थित पाकिस्तान के हाई कमीशन में एक भारतीय महिला प्रोफेसर के साथ यौन उत्पीड़न का केस सामने आया है। वह वहां पर पाकिस्तान जाने के लिए वीजा लेने के लिए गईं थीं। अफसोस यह है कि पाकिस्तान हाई कमीशन में कभी कोई सार्थक और रचनात्मक गतिविधियां नहीं हुईं। वहां पर पाकिस्तान के स्वाधीनता दिवस पर बिरयानी की दावत जरूर आयोजित होती रही रहै। मगर यह स्थान मात्र भारत की जासूसी का अड्डा बना रहा। यहां पर जम्मू-कश्मीर के पृथकतावादी और आतंकवादी नेताओं को दामादों की तरह से सम्मान मिलता ही रहा। भारत सरकार ने 1950 के दशक में चाणक्यपुरी में विभिन्न देशों को भू-भाग आवंटित किये थे। पाकिस्तान को भी इस आशा के साथ बेहतरीन जगह पर अन्य देशों की अपेक्षा बड़ा प्लाट दिया गया था कि वह भारत से अपने संबंधों को मधुर बनायेगा पर उसने निराश ही किया। वह अपनी करतूतों से न बाज आया न ही सुधरा । उसके गर्भनाल में भारत के खिलाफ नफरत भरी हुई है। अब वहां पर उन भारतीयों के साथ यौन उत्पीड़न भी हो रहा है, जो वीजा लेने के लिए वहां पर जाते हैं। मतलब घटियापन की इंतिहा कर रहा है पाकिस्तान। भारत से नफरत करना पाकिस्तान के डीएनए में है। वह भारत का सिर्फ बुरा ही चाहता है। यह बात अलग है कि उसके न चाहने के बाद भी भारत संसार की सैन्य और आर्थिक दृष्टि से एक बड़ी शक्ति बन गया हैं। पर पाकिस्तान के घटियापन के बावजूद भारत ने पाकिस्तान को भी किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाया। यह सब करना भारत की कूटनीति का अंग ही नहीं है। पाकिस्तान की अब आंखें भी खुल रही हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने देश की सच्चाई से मुंह मोड़ने की जगह जनता को असली स्थितियों से अवगत करा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तान के लिए बार-बार ऋण मांगने की तुलना भीख मांगने से की थी और कहा था कि उन्हें इसकी वजह से शर्मिंदा होना पड़ता है। अब उन्होंने भारत से रिश्तों को लेकर भी बयान दिया है। शरीफ ने कहा है कि भारत से तीन युद्धों में पराजय के बाद उनका देश अपने सबक सीख चुका है। शरीफ से भारत के साथ रिश्तों को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से तीन युद्धों में पाकिस्तान ने सबक सीखे हैं और वे अब शांति चाहते हैं। शरीफ ने इस बार भारत को कश्मीर पर कोई भी धमकी नहीं दी, बल्कि भारत से वार्ता की अपील करते दिखे। बहरहाल, शरीफ कितनी भी शराफत दिखायें पर पाकिस्तान की सेना भारत से संबंधों को सामान्य नहीं होने देगी। उसका पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष उससे मिलते ही हैं। कमर जावेद बाजवा भी उसी रिवायत को आगे बढ़ा रहे थे। अब वे रिटायर हो गये हैं। नये सेनाध्यक्ष के बारे में अभी कुछ नहीं कहना चाहिए। उनका कार्यकाल अभी चालू ही हुआ है। बाजवा को या उनसे पहले के जनरलों को डिप्लोमेसी की कोई समझ नहीं थी। बाजवा 23 जुलाई, 2019 को वाशिंगटन में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करते हैं। इमरान खान को यह समझ नहीं आ रहा था कि सेनाध्यक्ष डिप्लोमेसी में क्यों दखल दे रहा है। इसलिए दोनों के बीच दूरियां बढ़ती गईं। गौर करें कि इमरान खान की रूस यात्रा के बाद उनके खिलाफ विपक्ष लामबंद हुआ। वे दावा कर रहे थे कि अमेरिका उनकी सरकार को हटाना चाहता है। दूसरी तरफ, बाजवा अमेरिका को पाक साफ बताते रहे। अब उनकी थू थू हो रही है। पाकिस्तान की फौज देश की सरहदों की रक्षा करने में नाकाम रही है। उसे भारत से 1948,1965, 1971 और फिर करगिल में कसकर मार पड़ चुकी है पर कुत्ते की पूंछ कभी सीधी नहीं होता न । यही हाल पाकिस्तान सेना का है। रस्सी जल गई पर ऐंठन बाकी है। पाकिस्तान में सेना के चरित्र को जानने-समझने के लिए हमें इतिहास के पन्नों को खंगाल लेना होगा। पाकिस्तान 14 अगस्त, 1947 को दुनिया के मानचित्र पर आता है। वहां पर पहले ग्यारह साल तो आर्मी अपनी छावनियों में रही। इस बीच पाकिस्तान के दो शिखर नेता मोहम्मद अली जिन्ना 1948 में और फिर लियाकत अली खान 1951 में संसार से विदा हो गये। यूपी, हरियाणा और दिल्ली से समान रूप से संबंध रखने वाले लियाकत अली खान की 1951 में रावलपिंडी के आर्मी हाउस के करीब एक पब्लिक मीटिंग के दौरान हत्या कर दी जाती है। इतने भयावह हत्याकांड के दोषियों के नाम या हत्या के पीछे की गुत्थी कभी सामने नहीं आई। पाकिस्तान आर्मी के लिए साल 1958 खास रहा। वहां पर तब मीर जाफर के वंशज (सच में) प्रधानमंत्री इस्कंदर मिर्जा 27 अक्टूबर, 1958 को देश के संविधान को भंग करने के बाद देश में मार्शल लॉ लागू कर देते हैं। मिर्जा ने इसके बाद अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में पढ़े पर बिना कोई डिग्री लिए वहां से निकले अयूब खान को आर्मी चीफ बना दिया।

**बाजवा 23 जुलाई, 2019 को वाशिंगटन में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करते हैं। इमरान खान को यह समझ नहीं आ रहा था कि सेनाध्यक्ष डिप्लोमेसी में क्यों दखल दे रहा है। इसलिए दोनों के बीच दूरियां बढ़ती गईं।**

**इन दिनों**

विदेशी मामलों में भी दखल देने का पुराना रोग है। पाकिस्तान में जब भी किसी अन्य देश का राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री या अन्य कोई अन्य महत्वपूर्ण नेता पहुंचता है तो

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें विष्णु भगवान की कथा*

**(गतांक से आगे)**

***वह*** एक सरोवर के किनारे वृक्ष की छाया में लेट गये और उन्हें हल्की सी झपकी आ गयी। थोड़ी देर में शोर सुनकर वह जागे तो देखा कि चार-छह युवतियां उन्हें घेरे खडी हैं। श्रीनिवास को जागा हुआ देख कर वे डपटकर बोलीः यह हमारी राजकुमारी पद्मावती का सुरक्षित उपवन है और यहा पुरुषों का आना मना है। तुम यहां कैसे और क्यों आये हो? श्रीनिवास कुछ जवाब देते, इससे पहले ही उनकी दृष्टि वृक्ष की ओट से झांकती राजकुमारी की ओर पड़ी। श्रीनिवास पद्मावती को एकटक देखते रह गये। फिर उन्होंने थोड़ा संयत होकर कहाः देवियों! मुझे पता नहीं था। मैं शिकार का पीछा करता हुआ यहां आया था। थक जाने पर मुझे नींद आ गयी इसलिए क्षमा करें। श्रीनिवास आश्रम में तो लौट आये किन्तु बड़े उदास रहने लगे। एक दिन बकुलामाई ने बड़े प्यार से उनकी उदासी का कारण पूछा तो श्रीनिवास ने पद्मावती से भेंट होने की सारी कहानी कह सुनाई फिर कहा- उसके बिना मै नही रह सकता। बकुलामाई बोली-ऐसा सपना मत देखो। वह प्रतापी चोल नरेश आकाशराज की बेटी है। तुम आश्रम में पलने वाले एक कुल गोत्रहीन युवक हो। तब श्रीनिवास बोले-माँ! एक उपाय है। तुम मेरा साथ दो तो सब सम्भव है। बकुलामाई ने श्रीनिवास का सच्चा प्यार देखकर हां कर दी। श्रीनिवास ज्योतिष जानने वाली औरत का वेश बनाकर राजा आकाश की राजधानी नारायणपुर पहुंचे। उसकी चर्चा सुन पद्मावती ने भी उस औरत को महल बुलाकर अपना हाथ दिखाया।

*(क्रमशः)*

# प्रवासी भारतीयों की विश्व में शक्तिशाली भूमिका


**प्रहलाद सबनानी**

***हम*** सभी भारतीयों के लिए यह गर्व का विषय है कि आज लगभग समस्त विकसित देश भारतीय मूल के नागरिकों को अपने देशों की नागरिकता प्रदान करने के लिए लालायित नजर आ रहे हैं। यह सब इसलिए सम्भव हो पाया है क्योंकि विश्व के विभिन्न देशों में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों ने अपनी उच्च शिक्षा, कौशल, ईमानदारी, मेहनत के बल पर एवं महान भारतीय संस्कृति का पालन करते हुए इन देशों में अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज की है तथा इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को गतिशील बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया है। विशेष रूप से आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका, सिंगापुर, जापान सहित अन्य कई विकसित देश आज इस प्रकार की नई नीतियां बनाने में जुटे हैं कि किस प्रकार इन देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को वहां के राजनैतिक क्षेत्र में भी भागीदार बनाया जाए ताकि इन देशों की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक व्यवस्था में सुधार किया जा सके। दरअसल, इन समस्त देशों के मूल नागरिकों में आज महान भारतीय संस्कृति की ओर बढ़ता रुझान भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। यह समस्त देश आज भारतीय मूल के अपने नागरिकों को राष्ट्रीय आर्थिक सम्पत्ति मानने लगे हैं, जो इन देशों के आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। भारतीय मूल केअधिक से अधिक नागरिकों के अपने देश में आकर्षित करने के लिए आज इन देशों के बीच एक तरह से आपस में प्रतियोगिता सी चल रही है। आज भारतीय मूल के 320 लाख से अधिक नागरिक विश्व के विभिन्न देशों में रह रहे हैं। इनमें 140 लाख भारतीय नागरिक प्रवासी भारतीय के रूप में इन देशों में रह रहे हैं एवं शेष 180 लाख भारतीय मूल के रूप में इन देशों के नागरिक बन चुके हैं। कुल मिलाकर 146 से अधिक देशों में भारतीय मूल के नागरिक निवास कर रहे हैं। केरेबियन देशों, उत्तरी अमेरिका, फीजी, दक्षिण एवं पूर्वी अफ्रीका एवं मलेशिया में तो भारतीय मूल के नागरिक लगभग 200 वर्षों (शताब्दियों) से अधिक समय से निवास कर रहे हैं एवं आज वहां भारतीयों की कई पीढ़ियां निवास करती आ रही हैं। पिछले कुछ दशकों (दशाब्दियों) से गल्फ के देशों में भी भारतीय मूल के नागरिक निवासरत हैं एवं इन देशों की अर्थव्यवस्था को गति देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं तो वहीं वर्ष 1965 के बाद से अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, सिंगापुर एवं आस्ट्रेलिया जैसे कई विकसित देशों में भारतीयों ने अपनी एक विशेष पहचान बनाई है एवं विशेष रूप से इन देशों के सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं विज्ञान जैसे क्षेत्रों के विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। विशेष रूप से 1990 के दशक में एवं इसके बाद के वर्षों में उच्च शिक्षा एवं उच्च कौशल प्राप्त भारतीय विकसित देशों में विशेष रूप से तकनीकी एवं विज्ञान के क्षेत्र में कार्य कर रही बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में उच्च कौशल से युक्त पदों पर कार्य करने के लिए इन देशों की ओर आकर्षित हुए। साथ ही, इन क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से भी लाखों की संख्या में भारतीय छात्र इन देशों में अप्रवासी भारतीय के रूप में दाखिल हुए। आज विश्व में तेजी से विकास कर रही अर्थव्यवस्थाओं में, विशेष रूप से विकसित देशों सहित, इन उच्च शिक्षा प्राप्त भारतीयों पर जबरदस्त विश्वास की भावना पाई जा रही है क्योंकि इन भारतीयों ने अपनी महान सनातन संस्कृति का पालन करते हुए अपनी दक्षता को भी पूर्ण रूप से सिद्ध किया है। वर्ष 2016 में आस्ट्रेलिया में 6.76 लाख भारतीय मूल के नागरिक (आस्ट्रेलिया की कुल जनसंख्या का 2.8 प्रतिशत), जिन्होंने आस्ट्रेलिया की नागरिकता प्राप्त कर ली थी, निवास कर रहे थे। साथ ही, 4.55 लाख भारतीय (आस्ट्रेलिया की कुल जनसंख्या का 1.9 प्रतिशत), प्रवासी भारतीय के तौर पर आस्ट्रेलिया में निवास कर रहे थे। आस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के नागरिकों की जनसंख्या वर्ष 2006 से वर्ष 2016 के बीच 10.7 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर के साथ सबसे तेज गति से बढ़ रही है और ऐसी उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2031 तक भारतीय मूल के नागरिकों की जनसंख्या चीन मूल के नागरिकों की जनसंख्या को पीछे छोड़कर प्रथम स्थान पर आ जायेगी। भारतीय मूल के नागरिक यहां सबसे अधिक पढ़े-लिखे माने जाते हैं क्योंकि भारतीय मूल के 58 प्रतिशत नागरिक उच्च अध्ययन (ग्रेजुएट एवं अधिक) प्राप्त हैं जबकि आस्ट्रेलिया मूल के 22 प्रतिशत नागरिक ही उच्च अध्ययन प्राप्त हैं। कार्य करने योग्य कुल भारतीय मूल के नागरिकों में से 88 प्रतिशत को रोजगार प्राप्त है, इनमें से 61 प्रतिशत को पूर्णकालिक रोजगार प्राप्त है एवं 27 प्रतिशत को अंशकालिक रोजगार प्राप्त है। भारतीय मूल के नागरिकों की औसत आय भी सबसे अधिक है।

**वर्ष 1965 के बाद से अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, सिंगापुर एवं आस्ट्रेलिया जैसे कई विकसित देशों में भारतीयों ने अपनी एक विशेष पहचान बनाई है व विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया।**

**दुनियादारी**

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**

**Bagheshwar Sarkar Dham ...**
@IMightyWarrior

आपकी मुस्कुराहट ही आपके विरोधियों को बेचैन करती है, इसीलिए मुस्कुराते रहिए और धर्म ध्वज को लहराते रहिए। जय हो बागेश्वर धाम की 🙏 🚩

**ये भी खूब रही...**

**priyadarshan**
@priyadarshanp

बाबा का असली चमत्कार यह है कि उसने चार दिन से मीडिया को अपने पीछे लगा रखा है। पत्रकारिता में पढ़ाई-लिखाई, संवेदना-सरोकार की ज़रूरत पहले ही ख़त्म कर दी गई थी, अब शर्म भी बाक़ी नहीं रही है। लेकिन वह पूरे समाज में ही नहीं बची है। यह भ्रष्ट, मंतिमंद और धार्मिक मूढ़ता का मारा समाज है।

# कैसे होगा विपक्षी दलों में लगातार एकता का प्रयास


**रमेश सर्राफ धमोरा**

***भाजपा*** की केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों के नेता एकजुट होने के लिए लगातार प्रयास करते रहते हैं। शरद पवार, लालू यादव, उद्धव बालासाहब ठाकरे, अखिलेश यादव, एमके स्टालिन, जयंत चौधरी, ममता बनर्जी, एचडी देवेगौड़ा, ओम प्रकाश चौटाला सहित वामपंथी दलों के नेता इसके लिए लगातार मीटिंग का आयोजन कर आपस में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह सभी चाहते हैं कि भाजपा को छोड़कर अन्य सभी राजनीतिक दल एक साथ एक साझा मंच पर आकर चुनाव लड़े। जिससे भाजपा को हराया जा सके। मगर इनके प्रयासों के सिरे चढ़ने से पहले ही विरोधी दलों के कुछ नेता एकला चलो की नीति अपनाकर विपक्ष की एकता में फूट डालने का काम कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिला कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकल्प बनने का सपना देख रहे हैं। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने दिल्ली व पंजाब में कांग्रेस को हराकर ही अपनी सरकार बनाई है। गुजरात विधानसभा चुनाव में भी आप ने 14 प्रतिशत वोट प्राप्त किये हैं। गुजरात में अपने वोट कटने से कांग्रेस मात्र 17 सीट पर ही सिमट गयी। आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलने की राह आसान होने से केजरीवाल खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव अपनी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय समिति के नाम से नया नामकरण कर अगले लोकसभा चुनाव में कई राज्यों में चुनाव लड़ने के मंसूबे पाल रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पिछले कुछ समय से विपक्षी दलों से दूरी बनाती नजर आ रही है। चर्चा है कि उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अंदर खाने तालमेल हो गया है। जिसके चलते वह विपक्ष से अलग हटकर अपना अलग ही राग अलापने लगी है। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कुछ दिनों पूर्व अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर विपक्षी दलों को झटका दिया है। मायावती ने कहा है कि वह किसी भी राजनीतिक दल से चुनावी गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस ने असम में अपने गठबंधन सहयोगी सांसद बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी से गठबंधन को समाप्त कर दिया है। विपक्ष की राजनीति कर रहे कुछ दलों को कांग्रेस से आपत्ति है। वह कांग्रेस व भाजपा से समान दूरी बना कर रखना चाहते हैं। हालांकि केरल, त्रिपुरा में वामपंथी दल और कांग्रेस आमने-सामने चुनाव लड़ते हैं। मगर पश्चिम बंगाल व देश के अन्य प्रदेशों में एक साथ गठबंधन कर लेते हैं। समाजवादी पार्टी ने भी पिछले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस से गठबंधन करने से इंकार कर दिया था। इस कारण कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ना पड़ा था। तमिलनाडु में पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में द्रमुक ने कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। जिसमें दोनों ही दलों को जबरदस्त सफलता मिली थी। द्रमुक को विधानसभा में अकेले ही बहुमत मिलने के कारण उसने राज्य सरकार में कांग्रेस को अभी तक शामिल नहीं किया है। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल व जनता दल यूनाइटेड की सरकार में कांग्रेस भी शामिल है। मगर कांग्रेस को सत्ता में नाम मात्र की हिस्सेदारी मिली है। जिससे बिहार के कांग्रेसी नेता संतुष्ट नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में शिवसेना नेता उद्धव बालासाहब ठाकरे ने भाजपा को दूर कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस के साथ मिलकर एक नया प्रयोग करते हुए महाराष्ट्र विकास अघाड़ी की सरकार बनाई थी। जो सफलतापूर्वक चल भी रही थी। मगर शिवसेना के कुछ नेताओं द्वारा बगावत करने के कारण अघाड़ी सरकार गिर गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्र सरकार का नेतृत्व करते हुए करीबन पौने नौ साल का समय हो चुका है। वह बिना किसी चुनौती के एक छत्र राज कर रहे हैं। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीतकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार दो बार केंद्र में सरकार बनाकर देश की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए विपक्षी दलों के नेता बड़े-बड़े दावे करते रहते हैं। मगर प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति के सामने सभी विपक्षी दल पस्त नजर आ रहे हैं। मराठा क्षत्रप शरद पवार ने कई बार विपक्षी दलों के नेताओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया। मगर वह इसमें सफल नहीं हो सके।

**केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने दिल्ली व पंजाब में कांग्रेस को हराकर ही अपनी सरकार बनाई है। गुजरात विधानसभा चुनाव में भी आप ने 14 प्रतिशत वोट प्राप्त किये हैं।गुजरात में अपने वोट कटने से कांग्रेस मात्र 17 सीट पर ही सिमट गयी।**

**राजनीति**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्पलेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# वर्किंग पेरेंट्स इस तरह करें बच्चे की परवरिश



पेरेंट्स के द्वारा दिए गए संस्कार बच्चे के अच्छे भविष्य का निर्माण करते हैं, इसलिए हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चों को अच्छी परवरिश मिल सके। हर पेरेंट्स बच्चे को अच्छा भविष्य देने का प्रयास करते है। परंतु कई बार माता-पिता के हालात ऐसे होते हैं जिसके कारण पेरेंट्स बच्चों को ध्यान नहीं दे पाते। खासकर यह समस्या तब आती है जब दोनों पेरेंट्स वर्किंग होते हैं। वर्किंग पेरेंट्स बच्चे के अच्छे भविष्य के लिए ही कमाई करते हैं लेकिन कई बार बच्चे को पूरा समय न दे पाने के कारण उनके अंदर अकेलापन, हीन भावना जैसे समस्याएं आने लगती हैं। अगर आप भी वर्किंग पेरेंट्स हैं तो कुछ आसान से तरीके अपनाकर अपने बच्चे को अच्छी परवरिश दे सकते हैं।

## सेट करें रुटीन

अगर आपका बच्चा थोड़ा समझदार हो गया है तो आप उसकी एक रुटीन सेट कर दें। बच्चे को कब पढ़ना है, कब खाना है, कब खेलना और कब सोना है इसके लिए एक टाइम रखें। उसके सामान को व्यवस्थित करके रखें ताकि वह अपना काम आसानी से कर पाए। समय-समय पर बच्चे को फोन करके उसका हाल पूछें। आप चाहे तो बच्चे से मिलने भी आ सकते हैं।

## घर पर लगाएं कैमरा

अगर आपका बच्चा घर में अकेला रहता है तो आप घर में एक सीसीटीवी कैमरा भी लगवा सकते हैं। कैमरे का एक्सेस आप अपने पास रखें, ताकि आपको पता चलता रहे कि बच्चा क्या कर रहा है। बीच-बीच में आप बात करके बच्चे को गाइड भी कर सकती हैं।

## बुजुर्ग को रखें साथ

बच्चा यदि अकेला रहता है तो आप दादी या नानी को उनके साथ रख सकते हैं। इस तरह आप बच्चे को लेकर बिल्कुल निश्चित रहेंगे। साथ ही इससे बच्चों को बुजुर्गों का साथ भी मिलता रहेगा। बुजुर्गों के साथ रहकर बच्चे को कई बातें सीखने को भी मिलेंगी।

## वीकेंड पर बिताएं समय

आप वीकेंड के दिन और छुट्टी वाले दिन ज्यादातक समय बच्चे के साथ ही बिताएं। आप बच्चे को कहीं घूमाने ले जा सकते हैं। उनके साथ गेम्स खेल सकते हैं। बच्चे के मन की बात भी जरुर सुनें। इससे आपको पता चलता रहेगा कि बच्चा आपसे क्या चीज चाहता है।

## बच्चे को समझाएं स्थिति

आजकल के बच्चे बहुत ही समझदार होते हैं। आप उनके दोस्त बनने की कोशिश करें। समय मिलने पर बच्चों के साथ खेले और उन्हें समझाएं कि आप इतनी मेहनत क्यों करते हैं। बच्चे को बताएं कि यदि वह अच्छे से पढ़ाई करता है और जीवन में सफल होता है तो इससे आपकी मेहनत ही सफल होगी। बच्चे इमोशनली आपके साथ जुड़ेंगे और आपको स्पोर्ट करने की भी पूरी कोशिश करेंगे।

# बिना डैंड्रफ के भी सिर में होती है खुजली तो ट्राई करें ये होम रेमेडीज

सर्दियां आते ही मेरे सिर में खुजली की समस्या होने लगती थी। कई बार परेशानी इतनी बढ़ जाती थी कि मेरा सोना भी मुश्किल हो जाता था। अक्सर सिर में खुजली का कारण डेंड्रफ होता है, लेकिन बिना डेंड्रफ के भी मुझे खुजली की समस्या हो रही थी। इसके लिए मैने कई मार्केट प्रोडक्ट्स ट्राई करें। लेकिन कुछ समय बाद परेशानी पहले जैसी हो जाती। इसके लिए मैने अपनी मम्मी से बात कि तो उन्होंने मुझे कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई करने के लिए कहा।

पहले तो मुझे इस पर भरोसा नही था लेकिन मम्मी के जोर देने पर मैने इन रेमेडीज को ट्राई किया। 3 से 4 बार के इस्तेमाल से मेरी समस्या मानों गायब ही हो गई हो। इन रेमेडीज के बारें में जानने के लिए मैने एक्सपर्ट से बात कि, तो उन्होंने भी इन होम रेमेडीज को असरदार बताया। अगर आप भी ऐसी ही किसी समस्या का सामना कर रही हैं, तो मेरी मम्मी की ये रेमेडीज आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।



## पहले जानिए सिर में खुजली के मुख्य कारण



सर्दियों में अक्सर स्कैल्प में ड्राईनेस बढ़ने और कुछ फंगल इंफेक्शन के कारण खुलजी हो जाती है। कई बार गलत प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल या रिएक्शन करने के कारण भी सिर में खुजली होने लगती है।

क्लीवलैंड क्लीनिक की रिसर्च के मुताबिक सिर में खुजली के कारणों में स्ट्रेस और एंजायटी, डायबीटीज, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर, फंगल इंफेक्शन, एलर्जिक रिएक्शन, सेबोरिक डर्मटाइटिस शामिल है। इसमें से किसी भी समस्या के ग्रस्त होने पर व्यक्ति को सिर में खुजली होने लगती है।

अगर समस्या एक सप्ताह से ज्यादा बनी रहती है या इसके कारण दर्द और सूजन जैसे समस्या भी हो रही है, तो बिना देरी करें डॉक्टर से संपर्क करें।

## सिर में खुजली के लिए ये होम रेमेडीज होंगी असरदार

**मस्टर्ड ऑयल और दही :** एक बाउल में आधा कप दही लेकर इसमें 2 बड़े चम्मच मस्टर्ड ऑयल मिक्स करें। इसके बाद इसमें कुछ बूंदे टी ट्री हेयर ऑयल की मिक्स करें। शैम्पू करने के बाद इस हेयर मास्क को लगाकर 20 से 25 मिनट तक रहने दें। इसके बाद स्कैल्प की अच्छे से मसाज करते हुए गुनगुने पानी से सिर धो लें।

दही में मौजूद प्रोटीन और लैक्टिक एसिड स्कैल्प के स्किन सेल्स को क्लीन करके बालों को घना करने में मदद करेगा। यह हेयर मास्क डेंड्रफ, खुजली और फंगल इंफेक्शन खत्म करने के साथ बालों को मजबूती भी देगा। इसका इस्तेमाल फंगल इंफेक्शन और खुजली की समस्या को जड़ से खत्म करेगा। । चित्र : शटरस्टॉक



## एग व्हाइट और सेब का सिरका

एक बाउल में आपको 3 से 4 एग व्हाइट लेने है, इसमें एक बड़ा चम्मच सेब के सिरके का मिलाए। आखिर में 2 बड़े चम्मच ऑलिव ऑयल के मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस मिक्सचर से सिर में मसाज करके 30 से 40 मिनट के लिए रहने दें। इसके बाद सादे पानी से बाल धो लें।

सेब का सिरका एसिडिक नेचर का होता है जिससे इसका इस्तेमाल फंगल इंफेक्शन और खुजली की समस्या को जड़ से खत्म करेगा।

## शहद और ऑलिव ऑयल

बालों की लंबाई के मुताबिक 2 से 3 बड़ा ऑलिव ऑयल लीजिए। इसमें बराबर मात्रा में शहद मिक्स करें। इस मास्क से सिर में मसाज करके 30 से 40 मिनट तक हेयर केप लगाकर रखें। इसके बाद सादे पानी से सिर धोएं और फर्क महसूस करें। शहद में एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जो स्कैल्प की समस्याओं को खत्म करने में मदद करेंगे।

## पेपरमिंट ऑयल मास्क

पेपरमिंट ऑयल मास्क के लिए नारियल के तेल को गुनगुना कर-के इसमें कुछ बूंदे पेपरमिंट ऑयल की मिक्स करें। इस ऑयल को शैम्पू करने से एक घण्टा पहले स्कैल्प में मसाज करें। रिसर्चगेट के एक शोध के मुताबिक पेपरमिंट ऑयल का इस्तेमाल डेंड्रफ, खुलजी और स्कैल्प की समस्याओं को कम करने में असरदार माना गया है।

## बनाना एंड टी ट्री हेयर मास्क

एक बड़ा चम्मच ऑलिव ऑयल में 10 से 12 ड्रॉप टी ट्री ऑयल की मिक्स कीजिए। इसके बाद इसमें दो केले पीसकर मिक्स करें। इस मिक्सच से सिर में अच्छे से मसाज करें और आधे घण्टे के लिए छोड़ दें।

बनाना स्कैल्प को हाइड्रेट करके नमी बनाए रखेगा, टी ट्री ऑयल स्कैल्प को रिलेक्स करके तनाव कम करने में मदद करेंगे।

## सरसों का तेल और नींबू

सदियों से इस नुस्खे को सबसे ज्यादा असरदार माना जाता है। इसके लिए सरसो के तेल में एक नींबू का रस मिलाकर स्कैल्प में अच्छे से मसाज करें और दो घण्टे बाद बाल धो लें।

नींबू में मौजूद एंटी फंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण खुलजी की समस्या से जल्द राहत देने में मदद करेंगे। बालों का झड़ना रोकने के लिए भी यह हेयर मास्क फायदेमंद होगा।

❖ ईशा गुप्ता

## मेरी पेंटिंग




शानवी श्री, क्लास - 4

# रश्मिका की ग्लोइंग स्किन का राज जानें...

नेशनल क्रश की खूबसूरती का हर कोई दीवाना है। आए दिन एक्ट्रेस सुर्खियों का हिस्सा बनी रहती हैं। फैंस उनकी ग्लोइंग स्किन का राज जानने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। खूबसूरत होने के साथ-साथ रश्मिका एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। उनकी ड्रेसिंग स्टाइल, एक्टिंग भी फैंस को काफी पसंद आती है। यंग गर्ल्स अक्सर रश्मिका की ग्लोइंग स्किन का राज जानने के लिए उत्सुक रहती हैं।

## इस तरह करती हैं दिन की शुरूआत

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रश्मिका अपनी स्किन केयर रुटीन का बहुत ही सिंपल रखती हैं। वह अपने दिन की शुरूआत चेहरे को फेस वॉश से क्लिंज करके करती हैं। इसके बाद विटामिन-सी की कुछ बूंदें त्वचा पर लगाती हैं। विटामिन-सी की बूंदे लगाने के बाद ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर चेहरे पर लगाती है। मॉइश्चराइजर लगाने के बाद वह अच्छी क्वालिटी का सनस्क्रीन भी लगाती है। इसके बाद वह लिप बाम भी जरुर लगाती हैं।

## हैल्दी स्किन के लिए खाती हैं हैल्दी चीजें

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना कोई भी ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से पहली सावधानी बरतती हैं। सन प्रोटेक्शन पर भी वह ध्यान देंगे। हैल्दी स्किन के लिए रश्मिका अपनी डाइट पर भी खास ध्यान देती हैं। वह हैल्दी चीजें खाना पसंद करती है। ब्यूटी प्रोडक्ट्स में मौजूद इंग्रीडिएंट्स देखकर भी वह ब्यूटी प्रोडक्ट्स खरीदती हैं।



## एलोवेरा जेल करती हैं इस्तेमाल

स्किन का खास ध्यान रखने के लिए रश्मिका स्किन पर एलोवेरा जेल भी लगाती हैं। पूरा दिन शूटिंग के बाद वह एलोवेरा जेल को सूदिंग फेस मास्क की तरह भी जरुर प्रयोग करती हैं। आंखों की थकान, सूजन दूर करने के लिए भी वह एलोवेरा जेल आंखों के नीचे जरुर लगाती हैं। बालों में भी वह एलोवेरा जेल जरुर लगाती है। इसके अलावा बालों में भी वह एलोवेरा लगाती हैं। इससे बाल सिल्की, शाइनी और मुलायम भी होते हैं।

## दादी-नानी भी करती हैं नुस्खों का इस्तेमाल

स्किन को हैल्दी रखने के लिए वह दादी-नानी नुस्खे भी इस्तेमाल करती हैं। चावल, हल्दी पाउडर से बना फेसपैक भी वह त्वचा पर इस्तेमाल करती हैं। परंतु किसी भी तरह का प्रोडक्ट्स, घरेलू नुस्खा, पैक लगाने से पहले वह स्किन टेस्ट करने की सलाह भी जरुर देती है।

## ऑयली फूड से करती हैं परहेज

स्किन को हैल्दी रखने के लिए रश्मिका घर का बना हाइजीनिक फूड ही खाती हैं। जंक फूड और ऑयली फूड से वह परहेज ही करती हैं।

## सोने से पहले करती है मेकअप रिमूव

रश्मिका घर से बाहर जाने से पहले सनस्क्रीन लगाना नहीं भूलती और रात में सोने से पहले वह मेकअप भी जरुर रिमूव करती हैं। स्किन को हैल्दी रखने के लिए वह मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल भी करती है। मॉइश्चराइजर लगाने से स्किन की नमी भी बरकरार रहती है।

## बालों में लगाती हैं तेल

अपने बालों का भी रश्मिका पूरा ध्यान रखती हैं। वह बालों में नियमित तेल लगाती हैं। हफ्ते में एक बार वह बालों में चंपी भी जरुर करती है।

## सूडोकु नवताल- 6589

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6588 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**24 जनवरी 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 07.57 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मीन | 09.30 बजे से |
| मंगल | वृष में | मेष | 11.00 बजे से |
| बुध | धनु में | वृष | 12.40 बजे से |
| गुरु | मीन में | मिथुन | 14.38 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 16.52 बजे से |
| शनि | कुंभ में | सिंह | 19.08 बजे से |
| राहु | मेष में | कन्या | 21.20 बजे से |
| केतु | तुला में | तुला | 23.31 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 01.45 ब.से |
| 3.00 से 4.30 | | धनु | 04.01 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 06.06 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 24 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2079
**शक संवत्** 1944
**मास** माघ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 15.23 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 21.58 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 21.37 बजे को समाप्त।
**करण** गर 15.23 बजे तदनन्तर वणिज 01.54 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 02.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 19° 19'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871503
**जूलियन दिन** 2459968.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रज्जब
**तारीख** 01

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7653



**बाएँ से दाएँ**

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी -3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

**ऊपर से नीचे**

1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर, नशा, गरुर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाईन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

### शब्द पहेली -7652 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ज | र | त | | क | र | त | ब |
| र | न | | र | म | ल | | था | ह |
| द | | | ल | | म | त | | ला |
| म | हा | न | | म | ना | क | र | ना |
| | | र | | ना | | रा | | |
| हा | थ | मा | र | ना | | र | स | द |
| स | | ई | ख | | र | | | ल |
| नि | त | | वा | द | क | | क | द |
| क | र | ब | ला | | म | ल | म | ल |

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और कारोबार विस्तार की नवीन योजनाएं बनाएंगे। आकस्मिक धन लाभ की संभावना रहेगी।

**वृष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

**मिथुन राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को स्थान परिवर्तन के साथ तरक्की मिल सकती है।

**कर्क राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां सफल होंगी। गृह-नक्षत्रों के अनुकूल रहने से आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं।

**सिंह राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय-धंधे में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। रुके कार्य पूर्ण होंगे और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगा। हालांकि, कड़ी मेहनत और भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा और छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कड़े परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी। आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं।

**धनु राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी, जिसके चलते मेहनत अधिक करनी पड़ेगी।

**मकर राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय में निवेश की योजना बनेगी। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी।

**कुंभ राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। साथ में काम करने वालों के सहयोग से कार्यों में सफलता मिलेगा। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**मीन राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कार्यक्षेत्र में कार्यभार की अधिकता रहेगी और सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### एलएसी पहुंचे सेनाध्यक्ष भारतीय चौकियां देखीं

**नई दिल्ली।** सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में चीन के सैनिकों से झड़प के 43 दिन बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पहुंचे। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में एलएसी के साथ इकाइयों और संरचनाओं का दौरा किया। इस दौरान और उन्हें परिचालन तैयारियों और सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। थल सेना प्रमुख ने पैनी चौकसी बनाए रखने के लिए सैनिकों को सराहा और सभी से उत्साह और समर्पण के साथ सीमा पर मोर्चा संभाले रखने का आह्वान किया।

### बीएसएफ हाई अलर्ट पर

**जैसलमेर।** गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राष्ट्र विरोधी तत्वों के किसी भी नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए बाड़मेर से लगती सीमा पर बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर हाई अलर्ट पर हैं। साथ ही सीमा पर ऑप्स अलर्ट अभ्यास भी किया जा रहा है।

### जिला न्यायालय में होगी अंकिता हत्याकांड की अगली सुनवाई

**देहरादून।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड पर अगली सुनवाई अब पौड़ी जिला न्यायालय में होगी। सोमवार को न्यायाधीश भावना पांडे की अदालत ने अब इस मामले की सुनवाई को पौड़ी जिला न्यायालय को स्थानान्तरित कर दिया है।

### पुंछ में सुरक्षा बलों ने चलाया तलाशी अभियान

**पुंछ।** आगामी गणतंत्र दिवस को देखते हुए सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू संभाग के पुंछ जिले के कई वन क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुंछ जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए वन क्षेत्रों में पुलिस और सेना द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

### डायन बताकर आदिवासी महिला की पिटाई

**मोडासा।** एक आदिवासी महिला को कथित तौर पर पीटा गया, जब उसके परिवार के सदस्यों ने उसे 'चुड़ैल' बताकर कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया। घटना का एक वीडियो अरावली जिले और उत्तरी गुजरात के इलाकों में सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह वीडियो क्लिप गढ़िया गांव का है।

# तैयारी : कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। सोमवार को आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल में थल सेना, वायु सेना, नौसेना और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान शामिल हुए। सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर शुरू हुई फुल ड्रेस रिहर्सल में 17 राज्यों की 23 झांकियां ने भी हिस्सा लिया। इनके अलावा केंद्रीय मंत्रालयों तथा विभागों की छह झांकियां भी फुल ड्रेस रिहर्सल का हिस्सा बनीं।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ से गुजरनेवाली इन झांकियों में देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, आर्थिक और सामाजिक प्रगति तथा आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा को दर्शाया जाएगा। इस बीच सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पराक्रम दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने कहा : आज पराक्रम दिवस पर, मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं और भारत के इतिहास में उनके अद्वितीय योगदान को याद करता हूं।



### आंचलिक आधार पर किया गया है झांकियों का चयन

गणतंत्र दिवस परेड के लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन आंचलिक आधार पर किया गया है, जिसमें राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को छह मंडलों उत्तरी क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पूर्वी क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र और पूर्वोत्तर क्षेत्र में वर्गीकृत किया गया है। आम तौर पर, गणतंत्र दिवस परेड के लिए प्रत्येक क्षेत्र के आनुपातिक परिमाण के आधार पर राज्यों केंद्रशासित प्रदेशों से लगभग 15 झांकियों का चयन किया जाता है। चयन प्रक्रिया में एक विशेषज्ञ समिति द्वारा विभिन्न राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों के प्रस्तावों की जांच की गई।

### देश की भौगोलिक और समृद्ध सांस्कृतिक विविधताओं को दर्शाया जाएगा

**रक्षा** मंत्रालय के मुताबिक इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड के दौरान देश की भौगोलिक और समृद्ध सांस्कृतिक विविधताओं को दर्शाते हुए विभिन्न सफलताओं को प्रदर्शित किया जाएगा। फुल ड्रेस रिहर्सल में शामिल रही असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक एवं केरल जैसे राज्यों की 17 झांकियां गणतंत्र दिवस पर ऐतिहासिक विरासत वाली झलक प्रस्तुत करेंगी।


### पनडुब्बी आईएनएस वगीर भारतीय नौसेना में शामिल

**मुंबई।** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित कलवरी क्लास की पांचवीं पनडुब्बी आईएनएस वगीर को सोमवार को नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर. हरि कुमार की उपस्थिति में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। यह जानकारी एक रक्षा अधिकारी ने दी। आईएनएस वगीर को फ्रांस से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ स्वदेशी रूप से बनाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि यह खुफिया, निगरानी और टोही के लिए नौसेना की क्षमताओं को बढ़ावा देगा। आईएनएस वगीर, दो साल में भारतीय नौसेना में शामिल होने वाली तीसरी पनडुब्बी है। यह परिष्कृत हथियारों, सेंसर आदि से लैस है।

## हिजाब प्रतिबंध मामले की सुनवाई करेगी तीन जजों की पीठ

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय सोमवार को कर्नाटक में प्री यूनिवर्सिटी कॉलेजों की कक्षाओं में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देनेवाली याचिकाओं पर विचार करने के लिए तीन न्यायाधीशों की पीठ गठित करने पर सहमत हो गया। याचिकाकर्ताओं की वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि फरवरी में होनेवाली परीक्षा के मद्देनजर यह मामला अत्यावश्यक है। जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यन और जेबी पारदीवाला की बेंच ने भी वकील से रजिस्ट्रार के सामने मामले का उल्लेख करने को कहा। वकील ने कहा कि मामले को अंतरिम आदेश के लिए लिया जा सकता है। बेंच ने कहा, यह तीन जजों का मामला है। हम इसे करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अक्टूबर में कर्नाटक में प्री यूनिवर्सिटी कॉलेजों की कक्षाओं में कुछ मुस्लिम छात्राओं द्वारा पहने जाने वाले हिजाब पर प्रतिबंध की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित फैसला दिया था। यह फैसला जस्टिस हेमंत गुप्ता और सुधांशु धूलिया की खंडपीठ ने दिया।

## केरल में रोड एक्सीडेंट, इसरो के पांच कर्मचारियों की मौत



**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

यहां इसरो इकाई में कार्यरत पांच कर्मचारियों की सोमवार तड़के अलप्पुझा के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक यह घटना तब हुई, जब कर्मचारियों को ले जा रही कार (सभी की उम्र 24 से 30 साल के बीच थी) एक भारी वाहन से टकरा गई। इनमें से चार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। स्थानीय लोगों, पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों ने कार को काटकर मृतकों को उनमें से निकाला। मृतक इसरो इकाई की कैंटीन में काम करते थे और एक मंदिर उत्सव में भाग लेने के लिए अलाप्पुझा (उनमें से एक का गृह नगर) जा रहे थे। अन्य चार राजधानी के थे। मृतकों की पहचान प्रसाद, मनु, अमल, सुमोद और शिजिन दास के रूप में हुई है।

### नवसारी में सड़क दुर्घटना, चार की मौत

#### सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई कार

**एजेंसी। नवसारी**

गुजरात के नवसारी में सोमवार सुबह एक कार सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। दोनों घायलों का नवसारी के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। चिखली पुलिस के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, सूरत-मुंबई को जोड़नेवाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर अलीपुर पुल पर दुर्घटना हुई। उत्तर (सूरत से वापी) की ओर से आ रहे एक कंटेनर ट्रक से कार के टकराने के बाद चालक ने पहियों पर नियंत्रण खो दिया। अधिकारी ने कहा कि मृतकों की पहचान अमित थडा, गौरांग अरोड़ा, रोहित माहुल, मोहम्मद हम्झा पटेल के रूप में हुई है। ये सभी सूरत के रहनेवाले हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने की वजह से मौत का मामला दर्ज किया है।

## कोहरे के चलते 366 ट्रेनें रद्द, 23 रिशिड्यूल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोहरे के चलते सोमवार को भारतीय रेलवे ने 366 ट्रेनों को रद्द कर दिया और 44 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द किया। इसके अलावा 23 ट्रेनों को रिशिड्यूल कर दिया गया है। इसके साथ दिल्ली पहुंचनेवाली 6 ट्रेनें लेट रहीं। खराब मौसम और परिचालन संबंधी अन्य दिक्कतों के चलते रेलवे ने सोमवार को 366 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। सर्दी के मौसम में रेलगाड़ियों के कैंसिल होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

इसके साथ ही 44 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द, 23 ट्रेनों को रिशैड्यूल भी किया गया है। इसके अलावा रेलवे ने 7 ट्रेनों का रूट डायवर्ट भी किया है। साथ ही दिल्ली पहुंचने वाली, लंबी दूरी की आधा दर्जन यात्री ट्रेनें सोमवार को कोहरे और कम दृश्यता के कारण अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। उत्तर रेलवे के अनुसार, जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस, बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल 02:00 घंटे की देरी से चल रही थी।



पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, और गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस भी 02:30 घंटे की देरी से चल रही थी। वहीं, कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल और एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-नई दिल्ली ग्रैंड ट्रैंक एक्सप्रेस क्रमशः 01:45 घंटे और 01:30 घंटे देरी से चल रही थी। गणतंत्र दिवस समारोह और कार्यक्रम की फुल ड्रेस रिहर्सल के कारण, दिल्ली के सभी चार रेलवे स्टेशनों- नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, सराय रोहिल्ला और हजरत निजामुद्दीन की ट्रेन सेवाएं सोमवार को बाधित रहीं।

## अमेरिका के नाइट क्लब में 12 को मारी गोली

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी राज्य लुसियाना की राजधानी बैटन रूज के एक नाइट क्लब में 12 लोगों को गोली मार दी गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया कि घायलों में से तीन की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार शाम पुलिस प्रवक्ता जीन मैकनीली जूनियर ने कहा कि अन्य घायलों की हालत स्थिर है। मैकनीली ने कहा कि गोलीबारी देर रात करीब 1.30 बजे डायर बार और लाउंज में हुई। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और गोली मारने का मकसद का भी पता नहीं चल पाया है। गौरतलब है कि इसके एक दिन पहले कैलिफोर्निया के मॉन्टेरी पार्क में हुई गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना शनिवार की रात स्टार बॉलरूम डांस स्टूडियो में हुई, जहां हजारों लोग चंद्र नव वर्ष की खुशियां मनाने के लिए एकत्रित हुए थे।




## जाह्नवी कपूर मांग रही हैं अपने फैंस से मदद...

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी व्यथा साझा की है। उन्होंने दिक्कत दूर करने के लिए फैंस से मदद चाही है। यहां उन्होंने बहुत ही भोले अंदाज में दिल की बात बाहर निकाल कर रख दी है। वह पूछ रही हैं कि क्या आपके पास मेरे लिए कोई सुझाव होगा? दोस्तों मदद करो! मुझे क्या करना चाहिए? दरअसल, असल बात यह है कि जाह्नवी कपूर ने अपने पालतू जानवरों को लेकर यहां अपनी चिंता साझा की है। क्योंकि, उनका पालतू पांडा हाल ही में मुश्किल से कुछ खा रहा है। इंस्टा पर डाले वीडियो में, जाह्नवी पांडा के भोजन को लेकर बहुत परेशान दिख रही हैं और इसके समाधान की तलाश में काफी चिंतित भी हैं। उन्होंने अपने प्रशंसकों से पांडा के लिए कुछ दिलचस्प भोजन विकल्पों में मदद करने के लिए कहा है। जाह्नवी ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आप जानते हैं कि अगर हम अच्छा खाना नहीं खाते हैं और पर्याप्त पोषक तत्व नहीं लेते हैं तो कैसे हम सुस्त और कमजोर हो जाते हैं, अपना स्टैमिना और चमक खोने लगते हैं? मुझे लगता है कि पांडा के साथ भी यही हो रहा है दोस्तों! मुझे लगता है कि मुझे उसका आहार बदलने या कुछ नई चीजों को उसकी दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है!

## मेरे वतन... में स्वतंत्रता सेनानी बन रही हैं सारा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान जल्द ही अपनी आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में एक स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। सच्ची घटनाओं से प्रेरित बताई जा रही यह फिल्म 2020 की 'कुली नंबर 1' और 2021 की हिट 'अतरंगी रे' के बाद सारा की तीसरी स्ट्रीमिंग फिल्म होगी। सोमवार को फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म से सारा के किरदार का फर्स्ट लुक वीडियो साझा किया। वीडियो दर्शकों को एक बीते युग में ले जाता है जहां दर्शक सारा को एक कम रोशनी वाले कमरे में वैक्यूम ट्यूबों में प्लग लगाकर रेडियो जैसी डिवाइस को असेंबल करते हुए देखते हैं। जैसे ही वह रेडियो पर बोलना शुरू करती है, वह स्वतंत्रता के संदेश को पूरे देश के साथ तब तक साझा करती है जब तक कि वह दरवाजे पर लगातार पीटने से बाधित न हो जाए। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए सारा ने कहा, मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनने का अवसर पाकर बहुत उत्साहित और सम्मानित महसूस कर रही हूं। एक कलाकार के रूप में, और इससे भी महत्वपूर्ण एक भारतीय के रूप में, मुझे इस पर गर्व है। एक ऐसे चरित्र को चित्रित करने में सक्षम हूं जो बहादुरी, शक्ति और साहस का प्रतिध्वनित करता है। कन्नन अय्यर सर (निर्देशक) के साथ काम करना एक सरासर विशेषाधिकार है, क्योंकि वह खुद इस कहानी में इतने भावुक और भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। एक ऐसे किरदार को निभाना बहुत चुनौतीपूर्ण है जो मेरे द्वारा पहले की गई किसी भी चीज से बहुत अलग है।



## राजनीति

### कर्नाटक में भ्रष्टाचार पर जंग, कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# सिद्धारमैया के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**एजेंसी। बेंगलुरु**

विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय दल, सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस, भ्रष्टाचार को लेकर विवाद में उलझे हुए हैं। कांग्रेस ने सोमवार को बेंगलुरु में 300 से अधिक स्थानों पर भाजपा द्वारा भ्रष्टाचार की निंदा करते हुए 'भ्रष्टाचार रोको बेंगलुरु बचाओ' मौन विरोध प्रदर्शन किया। बदले में भाजपा ने कांग्रेस की निंदा की और पार्टी को 'गंगोतरी ऑफ करप्शन' करार दिया और विपक्ष के नेता सिद्धारमैया के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई। कर्नाटक कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार और विपक्ष के नेता



सिद्धारमैया ने पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा द्वारा कथित रूप से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को लेकर मौन विरोध किया। शिवकुमार ने आरोप लगाया कि बेंगलुरु गड्ढों की राजधानी बन गया है और शहर में परियोजनाओं की गुणवत्ता औसत दर्जे की है। गड्ढों के कारण कई मौतें हुई हैं और सत्तारूढ़ भाजपा पूरी तरह विफल रही है। भाजपा सरकार सड़क किनारे रेहड़ी-पटरी वालों को परेशान कर रही है और उनसे पैसे ले रही है। उन्होंने कहा कि संग्रह की राशि एक करोड़ रुपये है। इस बीच, कर्नाटक भाजपा ने सोमवार को लोकायुक्त के पास एक शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के रूप में सिद्धारमैया के कार्यकाल के दौरान टेंडरश्योर परियोजनाओं में 50 प्रतिशत कमीशन लिया गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष चलावाड़ी नारायणस्वामी और पार्टी के लीगल सेल के योगेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई। नारायणस्वामी ने कहा कि कांग्रेस पास कोई सबूत नहीं है। 2013-14 में टेंडरश्योर परियोजनाओं में 53.86 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि जारी की गई और यह एक घोटाला है।

## 'पठान' जुनूनों का मिलन है : ददलानी

**मुंबई।** गायक, गीतकार और संगीतकार विशाल ददलानी ने संगीतकार शेखर रवजियानी के साथ मिलकर 'पठान' में 'बेशरम रंग' और 'झूमे जो पठान' जैसे चार्टबस्टर गाने गाए हैं। उन्होंने कहा, महामारी के दौरान इन दो गीतों पर काम किया और आभारी हूं कि उनका संगीत एक ब्लॉकबस्टर बन गया है। विशाल ने कहा, हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे कि लोग पठान के गाने सुनें। वाईआरएफ के बारे में बात करते हुए सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख के एक साथ आने पर विशाल ने कहा, मैंने कभी किसी को शाहरुख के समान जुनून के साथ एक फर्नीचर विज्ञापन की शूटिंग करते नहीं देखा। वह किसी और लेवल के हैं और यह फिल्म जुनूनों का एक मिलन है। 'पठान' आदित्य चोपड़ा के महत्वाकांक्षी जासूस ब्रह्मांड का हिस्सा है और इसमें शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम हैं। यह फिल्म 25 जनवरी को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होने के लिए तैयार है।



## ऋचा चड्ढा की अगली फिल्म कोविड की दूसरी लहर की कहानियों पर आधारित



**एजेंसी। मुंबई**

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा अगली बार एक अनटाइटल्ड फिल्म में कोविड संकट की दूसरी लहर के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर की भूमिका निभाती नजर आएंगी। जी स्टूडियोज के बैनर तले बननेवाली इस फिल्म के बारे में बात करते हुए ऋचा का कहना है कि यह 'वास्तविक घटनाओं' पर आधारित है। यह उन वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, जिन्हें हम सभी ने कोविड की दूसरी लहर के दौरान देखा था। जहां नुकसान और निराशा थी, वहीं उम्मीद भी थी। वास्तव में मैं अजनबियों की इस दयालुता से इतना प्रभावित हुई कि मैंने किंड्री शुरू की। यह एक छोटी सी सोशल मीडिया पहल थी जिसने दूसरी लहर में केवल अच्छाई, निस्वार्थता की कहानियां बताई। फिल्म महामारी के दौरान हमारे पूरे जीवन पर एक नजर डालती है, जहां हम इंसान होने से डरते थे, वहां अनिवार्य दूरी लागू थी। यह उन डॉक्टरों और नर्सों के बारे में बात करती है जो निस्वार्थ भाव से अपना काम कर रहे थे। मैं ऐसी ही एक नर्स की भूमिका निभाने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक आचार्य ने किया है।

NEWS इन ब्रीफ

### राजद ने पराक्रम दिवस के रूप में मनायी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय में मानवता, समता और न्याय के अग्रदूत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 126वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। राजद नेताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। नेताओं ने कहा कि आज हम लोग महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें याद कर रहे हैं। सुभाष चन्द्र बोस स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे अग्रदूत थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से देश के लाखों युवाओं को आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उनका नारा था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इनके नारे ने आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा देने का काम किया। इस अवसर पर राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह, सुबोध पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## बीएयू में नामांकन का दूसरा चरण 25 तक

# 22 सीटों पर होगा नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के 10 महाविद्यालयों के अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में दूसरे चरण का नामांकन प्रक्रिया बुधवार तक होगी। झारखंड राज्य संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीइसीइबी) ने 20 जनवरी के देर शाम दूसरी काउंसलिंग में सफल अभ्यर्थियों का महाविद्यालय आवंटन की सूचना निर्गत की थी। विश्वविद्यालय में दो दिनों का अवकाश होने की वजह से नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी थी। विश्वविद्यालय अधीन संचालित रांची वेटनरी कॉलेज में फर्स्ट काउंसलिंग के बाद 14 सीटें शेष बची है। उपलब्ध सीटों पर जेसीइसीइबी के आवंटन के आधार पर मंगलवार को नामांकन कराया जा सकता है। रांची वानिकी महाविद्यालय में राज्य कोटे से 22



सीटों पर नामांकन प्रक्रिया होगी। फूलो झानो मुर्मू डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज हंसडीहा (दुमका) में बची हुई 19 सीटों पर और कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस गुमला में शेष 14 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया मंगलवार एवं बुधवार को चलेगी। जेसीइसीइबी के पहले काउंसलिंग के बाद कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग (कांके) में कुल 6 और कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर खूंटपानी (चाईबासा) में 19 सीटे खाली रह गयी थी। दूसरी काउंसलिंग में आवंटित विद्यार्थियों का नामांकन कॉलेज में मंगलवार एवं बुधवार को होगा। विश्वविद्यालय के अधीन राज्य के 4 महाविद्यालयों में कृषि विषय पर अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम चलाये जाते है। रांची एग्रीकल्चर कॉलेज कांके, रविन्द्र नाथ टैगोर एग्रीकल्चर कॉलेज (देवघर), तिलका मांझी एग्रीकल्चर कॉलेज (गोड्डा) एवं कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर (गढ़वा) में नामांकन कि प्रक्रिया बुधवार तक चलेगी। जेसीइसीइबी द्वारा निर्गत पत्र के आधार पर अभ्यर्थी अपना नामांकन करा सकेंगे। नामांकन से पूर्व अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच होगी। इसके लिए अभ्यर्थी को दसवीं एवं बारहवीं पास होने का मार्कसीट एवं डिग्री सर्टिफिकेट, कॉलेज/स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण-पत्र, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट (सिविल सर्जन/सीएमओ द्वारा निर्गत), आरक्षित वर्ग के लिए जाति प्रमाण-पत्र, विद्यार्थी एवं अभिवावक का एंटीरैगिंग एफिडेविट एवं पासपोर्ट फोटो साथ साथ लाना होगा। अभिलेख सत्यापन के समय सभी प्रमाण-पत्रों कि मूल एवं छाया प्रति अनिवार्य रूप से साथ लानी होगी। नामांकन शुल्क का भुगतान एटीएम या ऑनलाइन माध्यम से ही होगा।

## 26 जनवरी को चिकित्सा शिविर

**रांची।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी झारखण्ड आईएससीसी के तत्वावधान में वार्षिक चिकित्सीय शिविर का आयोजन हरमू बाईपास रोड स्थित अग्रसेन हृदयालय, गिरधर प्लाजा, रांची में आयोजित किया गया है। गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर आगामी बृहस्पतिवार 26 जनवरी 2023 को इस शिविर में सुप्रसिद्ध हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ वीके जगनाणी एवं दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ रमेश बजाज परामर्श निःशुल्क देंगे। शिविर में मधुमेह के आकलन के लिए रक्त शर्करा एवं एच बी ए वन सी, लिवर / यकृत के लिए फाइब्रोस्कैन एवं लिवर फंक्शन टेस्ट, एलएफटी, प्रॉस्टेट के लिए पीएसए, यूरोफ्लोमेट्री एवं सिम्टम स्कोरिंग, डिस्लिपीडिमिया के लिए लिपिड प्रोफाईल, वृक्क रोग के लिए क्रिएटिनीन, थायरॉइड, यूरिक एसिड, न्यरोपैथी, हीमोग्लोबिन इत्यादि के जांच की व्यवस्था न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध रहेगी। सभी से अनुरोध है कि अपने पुराने पर्चा एवं जांच साथ में लायें।

## सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में अब 25 को सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। मामले में अगली सुनवाई 25 जनवरी को होगी। इस संबंध में स्वप्निल मयूरेश ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा में 22 ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए है, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं है। विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इनकी परीक्षा रद किया जाए। जेपीएससी ने अप्रैल, 2020 में पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। मार्च, 2021 को सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया और सफल हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा सरकार को भेज दी थी। इस मामले में एकल पीठ ने टाउन प्लानर की नियुक्ति प्रक्रिया को सही मानते हुए याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज कर दी थी।

# सरस्वती पूजा की तैयारियां जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

74वें गणतंत्र दिवस समारोह के दिन विद्यादायिनी मां सरस्वती की भी अराधना होगी। सरस्वती पूजा को लेकर अब चार दिन ही बचे हैं। 26 जनवरी के दिन देश सहित राज्यभर में सरस्वती पूजा मनायी जायेगी। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर है। रांची के सभी शैक्षणिक संस्थान रांची कॉलेज, रांची महिला कॉलेज, सभी पॉलिटेक्निक, टेक्निकल यूनिवर्सिटी और अन्य जगहों तथा गली-मुहल्लों में भी सरस्वती पूजा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कोरोना के बाद इस वर्ष सरस्वती पूजा को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। शहर में हिनू, डोरंडा, सेक्टर-2, थड़पखना और अन्य जगहों पर मूर्तिकार मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। शहर के विभिन्न गली-मुहल्लों में पूजा पंडाल आकार लेने लगे हैं। मूर्तिकारों के मुताबिक, इस साल



बाजार अच्छा है, कोलकाता के काली घाट से लायी गयी मिट्टी से मूर्तियां बनायी गयी हैं। इस साल 25 दिसंबर के बाद से ही मूर्तियों की अग्रिम बुकिंग हुई है। तीन से 14 फीट तक की प्रतिमाओं की अधिक मांग है। रांची यूनिवर्सिटी के यूजी और पीजी हॉस्टल में होने वाली पूजा को लेकर 14 फीट से अधिक ऊंचाई वाली मूर्तियों की बुकिंग करायी गयी है। वहीं गली-मुहल्लों के लिए 10 से 12 फीट की मूर्तियों को बुक कराया गया है। इस बार रांची और आसपास के इलाकों से भी मूर्तियों की मांग बढ़ी है।

## नेताजी की जयंती पर जरूरतमंदों को पहुंचाई गयी मदद

रांची। बीइंग ब्रदर फाउंडेशन की ओर से नेताजी सुभाषचंद्र की जयंती सोमवार के मनाई गई। इस मौके पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं, निःशुल्क शिविर में सौ से अधिक लोगों की आंखों की जांच हुई। दस मरीजों का भगवान महावीर आई केयर में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को रोग निदान के लिए परामर्श भी दिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय चौधरी ने किया। उनका कहना है कि जरूरतमंदो की हमेशा मदद करनी चाहिए क्योंकि उनलोगों के पास अपने इलाज के लिए भी पैसे नहीं रहते हैं। इस आयोजन में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मलेन के संजय चौधरी, संजय पांडे, अजय सिंह, दामोदर बोध, शिवनन्दन मिश्रा, जॉन डंगवार, गौरव वर्मा, अमितेश वर्मा, श्याम गुप्ता, राजेश गुप्ता समेत अन्य ने योगदान दिया।

# निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजित कर मनाई गई नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सोमवार को द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर महिलौंग, रांची में छात्र क्लब चिकित्सक मंच के तत्वावधान में 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की अध्यक्षता में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन कर मनाई गई, जिसमें नामकुम एवं महिलांग के 49 मरीजों की जांच जानी मानी महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पी.आर बाखला, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंटोनी किस्कू, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उमर द्वारा की गई। शिविर में चर्म रोग, नेत्र रोग, पेट दर्द, कमर दर्द आदि बिमारियों के मरीजों ने आकर अपनी जांच कराई। डॉक्टर अंटोनी किस्कू ने बच्चों के पालन पोषण, खान पान एवं रहन सहन एवं मौसमी बीमारियों से बचने की जानकारियां दी। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.एस.के.निराला एवं कल्ब के अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, ललित कुमार चौधरी, शिव कुमार सिंह जी की ओर से जरूरतमंदों के बीच सुरक्षा कीट वितरण की गई। इस मौके पर पवनसुत सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, क्लब रोड रांची के निदेशक शिव कुमार सिंह एवं छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के प्रदेश संरक्षक ललित कुमार चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। शिविर को सफल बनाने में मुख्यरूप से हॉस्पिटल के प्रशासनिक पदाधिकारी सत्यजीत ठाकुर, जनसम्पर्क अधिकारी दिवा पासवान, सिस्टर सुमन कीरो, सुलेखा टूटी, सुषमा कुमारी, शांति खलखो, विकाश टूटी, प्रिंस कुमार, सूरज कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अनुबंधकर्मियों ने हड़ताल के मौके पर किया रक्तदान, आज से करेंगे आमरण अनशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ और झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम संघ के संयुक्त तत्वाधान में हड़ताल सातवें दिन भी जारी है। राज्य के सभी पारा मेडिकल कर्मी इनमें एएनएम-जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, ओपथाल्मीक असिस्टेंट और फिजियोथैरेपिस्ट अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास घेराव के बाद से हड़ताल पर हैं। इसी क्रम में अनुबंध कर्मियों ने मानव सेवा के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए सोमवार को धरना स्थल धनबाद और रांची में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 34 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। गौरतलब है कि विभाग और सरकार की ओर से




हड़ताल खत्म करने पर कोई वार्ता नहीं हुई है। संघ की प्रदेश महासचिव वीणा सिंह ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 24 जनवरी से अनुबंध कर्मी आमरण अनशन करेंगे। राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो रही है। जिसका खामियाजा मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला स्तरीय संस्थानों में देखा जा रहा है। टीकाकरण, प्रसव, लैब, फामेर्सी के काम पर प्रभाव पड़ रहा है। लेकिन सरकार सदर अस्पतालों में अन्य क्षेत्रों के कर्मियों को बुलाकर काम करा रही है। संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीरा कुमारी ने कहा कि सरकार अपनी स्वास्थ व्यवस्था को सुदृढ़ करने का दावा कर रही है। यह सरकार की विडंबना है कि अब तक सरकार सड़क पर आकर कर्मियों की सुध लेने के बजाय अपनी उपलब्धि गिनाने में लगी हुई है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर रक्तदान शिविर

**रांची।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर रिम्स दंत चिकित्सा महाविद्यालय में अराजपत्रित कर्मचारी संघ की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 40 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ। अनिल कुमार व प्रभारी निदेशक द्वारा किया गया। दंत चिकित्सा महाविधालय के प्रभारी प्रचार्य डॉ। वीके प्रजापति, शासी परिषद के सदस्य सुशांत कुमार साहू की उपस्थिति में किया गया। मौके पर ब्लड बैंक की डॉ। रक्तदान करने वालों में रिम्स के डॉक्टर, कर्मी, नर्सिंग छात्रा व पारा मेडिकल के छात्र-छात्राओं के साथ झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ। विवेक कुमार शामिल रहे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खुशी प्रिया को मिला जबकि सेकेंड पुरस्कार प्रभाव कुमार ओझा, रेडियोलॉजी, तृतीय कहकशां एनेस्थीसिया को दिया गया।

**बलिदान** | धूमधाम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनाई गई जयंती

# नेता जी हम सभी के मार्गदशक थे : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता रांची।**

एसआरडीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग में धूमधाम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी को श्रद्धांजलि देकर किया गया। नवम वर्ग की आरुषि ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के संघर्ष भरे जीवन पर प्रकाश डाला, तत्पश्चात प्रश्न मंच का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुछ होनहार विद्यार्थियों ने नेता जी की सुंदर छवि को पृष्ठों पर उकेरा था। जिसकी सभी ने सराहना की। इस मौके पर प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि लक्ष्य ऊंचा हो तो प्रयास भी जी तोड़ करनी पड़ती है। नेता जी का जीवन संघर्ष और त्याग का जीवन था। नेता जी हमसभी के मार्गदर्शक थे। देश की स्वतंत्रता उनके लिए सर्वोपरि थी, इसके लिए उन्होंने अपना सर्वस्व दांव पर लगा दिया था। देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए उन्होंने जापान झ जर्मनी जैसे देशों की मदद ली तथा उस मजबूत ब्रिटिश राज को घुटने




टेकने पर मजबूर कर दिया, जिसके राज में सूरज अस्त नहीं होता था। आजादी मिली ,पर उसका स्वाद चखने के लिए नेताजी देशवासियों के बीच नहीं रहे। स्वतंत्रता संग्राम में नेता जी की भूमिका अद्वितीय रही। इस आजादी की रक्षा करना , नेताजी के द्वारा बताए मार्ग का अनुसरण करना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उक्त कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी, शिक्षक तथा शिक्षिकाओं ने भाग लिया। राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्त हुई।

## पृष्ठ एक के शेष

**गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा...**

संगठन के सैक सदस्य गौतम पासवान, रिजनल कमांडर नवीन यादव और 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर मनोहर गंझू किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए 20 से 25 की संख्या में कुंदा और लावालौंग के जंगली क्षेत्र में एकत्रित हुए हैं। सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया, जिसमें चतरा पुलिस, कोबरा 203, सीआरपीएफ 190/22 को शामिल किया गया। अभियान दल जैसे ही मरगड़हा जंगल पहुंचा, नक्सली फायरिंग करने लगे। पुलिस बल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। भाकपा माओवादी जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले। माओवादी कैंप को सुरक्षा बलों ने नष्ट कर दिया। एसपी ने कहा कि सरकार ने राज्य को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। इसके आधार पर नक्सलियों के खिलाफ लगातार चौतरफा कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत पुलिस को नक्सली संगठन के खिलाफ लगातार सफलताएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि नक्सली झारखंड पुलिस के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नयी दिशा का लाभ लेकर मुख्यधारा से जुड़े, अन्यथा कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

**पीएलएफआई के छह नक्सली...**

गंभीरत को देखते हुए एसआईटी टीम का गठन कर उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया गया। टीम में शामिल सदस्यों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल उग्रवादियों को 72 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर तोरपा थाना में सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी अमन कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि रनिया थाना और सिमडेगा जिले के महाबुआंग थाना के सीमावर्ती ग्राम कोटांगेर, मेरोमबीर, गोहारम तथा ओलहान, बेडा ईरंगे में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सक्रिय नक्सली भ्रमणशील हैं और किसी उग्रवादी घटना को अंजाम देनेवाले हैं। एसपी के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रनिया थाना क्षेत्र के गोहारम से सरिता जानेवाली सड़क के पास एक चट्टान पर पीएलएफआई के दो सक्रिय उग्रवादियों को देसी कट्टा, गोली, पीएलएफआई का पर्चा और चंदा रसीद के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये उग्रवादियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर 18 जनवरी की रात में सिमडेगा जिले के ओडगा में स्टेशन के पास रेलवे के काम में लगी जेसीबी, टैंकर और पोकलेन मशीन में आग लगाई थी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि उग्रवादी लखन गोप के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, उग्रवादी घटना सहित अन्य संगीन मामलों को लेकर जरियागढ़ और कर्रा थाने में 20 मामले दर्ज हैं। पुलिस कों लंबे समय से उसकी तलाश थी। घटना में प्रयोग किए गए हीरोहोंडा मोटरसाइकिल, दो टीवीएस स्टार सिटी को पुलिस ने जब्त किया है।

**विपक्ष जनता को भ्रमित कर....**

एजेंसियों को राज्य में भेज कर हमें परेशान करने की कोशिश की गई। हम परेशान नहीं हुए। हमने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए। भाजपा सरकार में यहां के पदाधिकारी कार्यालय से कहीं जाते तो नहीं थे। अब वही पदाधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं। यह बड़ा चेंज है। इसे समझने की जरूरत है। उन्होंने सवाल कियाः भाजपा के शासन में पेंशन बुजुर्गों को कब मिलता था? 11 लाख लोगों के नाम राशन कार्ड से काट दिये गए थे। हमने न सिर्फ उनको जोड़ा, बल्कि 20 लाख नया राशन कार्ड भी बनवाया। आज आपके बच्चों को पढ़ाई की चिंता करने की जरूरत नहीं रह गई। वे सिर्फ मेहनत करें। बाकी तो सरकार है ही। अब इस राज्य के बच्चे बीडीओ-सीओ बनेंगे। हेमंत ने कहा कि 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति के लिए हम प्रयास करते रहे। हम लोग सही दिशा में चल रहे थे कि यूपी-बिहार के लोग कोर्ट में चले गए। इन लोगों ने एक साजिश के तहत इस नीति को कोर्ट से खारिज करवा दिया। हमने 1932 के आधार पर स्थानीय नीति को नौवीं सूची में डालने के लिए केंद्र सरकार को भेजा है। सोरेन ने कहा कि हम झारखंड को बहुत आगे लेकर जाएंगे। उन्होंने कहाः गुजरात में गुजराती शासन कर रहा है। बंगाल में बंगाली, उड़ीसा में ओड़िया तो झारखंड में झारखंडी ही शासन करेगा। इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हमारा केंद्र सरकार में 136 करोड़ रुपये बकाया है लेकिन अभी तक उसे दिया नहीं गया है। जब भी हम लोग पैसे मांगते हैं, तो कभी ईडी तो कभी कोई और जांच एजेंसियां भेज दी जाती हैं। ये कौन सी बात हुई भला?

इसके पूर्व सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स कांपलेक्स में सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़े की थाप पर मुख्यमंत्री के ऊपर पुष्प वर्षा किया।

श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने 1932 का खतियान लागू करने की कोशिश की। पेंशन की समस्या को हमारी सरकार ने दूर किया। श्रम विभाग की ओर से 11 हजार युवक-युवतियों को काम दिया गया। झारखंड राज्य में पुरानी पेंशन को लागू करने का काम किया।

**तुम मेरा साथ दो...**

पहनकर मत देखो। ये उंगली सिर्फ बागेश्वर धाम पर नहीं है, बल्कि पूरे सनातन धर्म पर उठाई गई है। भारत के लोगों, आज रायपुर की धरती से हम ललकारते हैं। मीरा बाई, भगवान ब्रह्म को भी कसौटी पर खरा उतरना पड़ा है। आज पूरा हिंदू एक हो गया है। इनको सनातन को निशाना बनाना था, लेकिन बालाजी ने इन सबके मुंह पर जोरदार थप्पड़ मारा है। आज हम घोषित करते हैं कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। हिंदुओ से कहेंगे कि अब चुनौतियों से डरना नहीं है बल्कि उनका डट कर मुकाबला करना है। बाबा इन दिनों उन लोगों के निशाने पर हैं, जो खुद को ज्यादा आधुनिक समझते हैं और उन लोगों के भी, जो बाबा के घरवापसी अभियान से चिढ़े हुए हैं। इस बीच, अंधश्रद्धा निर्मूलन के अध्यक्ष श्याम मानव का कई स्थानों पर पुतला भी दहन किया गया। हालांकि, बाबा के इस घरवापसी अभियान को स्वामी रामदेव समेत कई दिग्गजों का समर्थन प्राप्त है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह भी बाबा की तारीफ कर चुके हैं।

**झारखंड के पासंच सौ पारा शिक्षकों पर दर्ज...**

शिक्षकों ने सर्टिफिकेट जांच के लिए आवेदन नहीं किया और अपना त्यागपत्र भी दे दिया। कुछ ऐसे भी पारा शिक्षक पाए गए हैं, जो लंबे समय से स्कूल नहीं आ रहे हैं और जिन्होंने सर्टिफिकेट दिया, लेकिन जांच में वह फर्जी निकला। इन सभी पर शिक्षा विभाग में अलग-अलग कार्रवाई करने का निर्देश जिलों के अधिकारियों को दिया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मानें तो राज्य के करीब 133 पारा शिक्षकों ने सर्टिफिकेट जांच के दौरान नौकरी छोड़ दी है। वहीं, 107 ऐसे पारा शिक्षक हैं जो लंबे समय से स्कूल में उपस्थित नहीं हुए हैं, उनके खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में चल रहे शिक्षकों के सर्टिफिकेट जांच के दौरान बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा आदि राज्यों के प्रमाण पत्र पाये गए हैं। सभी पारा शिक्षकों की प्रमाण पत्रों की जांच 31 जनवरी तक पूरा कर लेने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा जिलों से यह भी कहा गया है कि जिनका शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन विभिन्न बोर्ड और विश्वविद्यालयों में सत्यापन के लिए लंबित है उन्हें भी 31 जनवरी तक जांच पूरी कराना सुनिश्चित करेंगे।

**देशभक्ति की भावना जगायेगा...**

और भारत की पहली स्वतंत्र सरकार बनी। वीर सावरकर और उनके जैसे कई अन्य वीरों ने इसी भूमि पर देश के लिए तपस्या और बलिदान के शिखर को छुआ था। **उन्होंने कहा :** उस अभूतपूर्व जुनून और अपार दर्द की आवाजें आज भी सेल्युलर जेल की कोठरियों से सुनी जाती हैं। प्रधानमंत्री ने अफसोस जताया कि अंडमान की पहचान स्वतंत्रता संग्राम की यादों के बजाय गुलामी के प्रतीकों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा : यहां तक कि हमारे द्वीपों के नामों पर भी गुलामी की छाप थी। प्रधानमंत्री ने तीन मुख्य द्वीपों का नाम बदलने के लिए चार-पांच साल पहले पोर्ट ब्लेयर की अपनी यात्रा को याद किया और बताया कि आज रॉस द्वीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप बन गया है, हैवलॉक और नील द्वीप स्वराज और शहीद द्वीप बन गए हैं। 21 द्वीपों के नामकरण के पीछे एक भारत श्रेष्ठ भारत के अनूठे संदेश पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देश के लिए किए गए बलिदानों और भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की अमरता का संदेश है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि 21 परमवीर चक्र विजेताओं ने भारत माता की रक्षा के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। भारतीय सेना के बहादुर सैनिक विभिन्न राज्यों से थे, विभिन्न भाषाओं और बोलियों को बोलते थे और विभिन्न जीवन शैली जीते थे, लेकिन यह मां भारती की सेवा और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण था जिसने उन्हें एकजुट किया। प्रधानमंत्री ने कहा : जैसे समुद्र विभिन्न द्वीपों को जोड़ता है, वैसे ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना भारत माता के हर बच्चे को जोड़ती है।

**भारत का संविधान सर्वोच्च है...**

कि पहले मैंने कहा संविधान सर्वोच्च है। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को लिखी चिट्ठी जजों की नियुक्ति में सरकार के प्रतिनिधित्व की बात उठाई है। रिजिजू ने कहा है कि पारदर्शिता के लिए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम में केंद्र सरकार और हाईकोर्ट की कॉलेजियम में राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। सरकार का काम सिर्फ आंख मूंदकर कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित नामों को अप्रूव करना नहीं है। लाइव लॉ के मैनेजिंग एडिटर मनु सेबेस्टियन को दिए इंटरव्यू में जस्टिस लोकुर ने सरकार की इस मांग पर भी खुलकर अपनी राय व्यक्त की है। पहले तो जस्टिस लोकुर ने इस मांग को ही सैद्धांतिक तौर पर गलत माना है। उन्होंने आगे कहा : केंद्र सरकार ऐसे लोगों को न्यायपालिका में लाना चाहती है, जो उनकी तरह का विचार रखते हों। केंद्र अपने लोगों को जज बनाना चाहती है और सरकार के प्रति प्रतिबद्ध रहने वाली एक न्यायपालिका बनाना चाहती है।

